■ मार्गशीर्ष शुक्ल - 7 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 144 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 19-12-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा नया भारतः योगी

6 संतकवि नरसी मेहता : परमात्मा नहीं, पर परमात्मा से कम नहीं

7 बार-बार इंस्टा अकाउंट सस्पेंड होने से परेशान उर्फी जावेद



## फर्स्ट टेक

### क्रिसमस पार्टी में बारह लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी/वार्ता।** मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के साल्वाटियेरा नगर पालिका में क्रिसमस पार्टी के दौरान रविवार तड़के कम से कम 12 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। गुआनाजुआतो अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि यह रक्तपात सैन जोस डेल कारमेन के समुदाय में पारंपरिक मैक्सिकन उत्सव क्रिसमस पोसाडा के दौरान हुआ। घटना की जांच जारी है। नगरपालिका सरकार की प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, सशस्त्र हमलावरों का एक समूह अप्रत्याशित रूप से वहां आया और पोसाडा उत्सव में शामिल लोगों पर गोलियां चला दीं, जिसमें 12 लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। इनमें से अधिकांश युवा थे। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नगर पालिका के अस्पतालों में ले जाया गया।

### वित्त वर्ष 2023 में 7.40 करोड़ से अधिक लोगों ने आईटीआर दाखिल किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि वित्त वर्ष 2022-23 में 7.40 करोड़ से अधिक लोगों ने आयकर रिटर्न (आईटीआर)दाखिल किया, जिनमें से शून्य कर देनदारी वाले रिटर्न की संख्या 5.16 करोड़ थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में दाखिल आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि हुई है। मंत्री के जवाब के अनुसार आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या 2018-19 के 6.28 करोड़ के आंकड़े से बढ़कर 2019-20 में 6.47 करोड़ और 2020-21 में 6.72 करोड़ हो गई। चौधरी के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में दाखिल किए गए आईटीआर की संख्या बढ़कर 6.94 करोड़ से अधिक हो गई और 2022-23 में 7.40 करोड़ से अधिक हो गई।

### केदारनाथ, बदरीनाथ की सुरक्षा का जिम्मा आईटीबीपी ने संभाला

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित केदारनाथ व बदरीनाथ मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद दोनों धामों में सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की तैनाती कर दी गई है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सोमवार को बताया कि दोनों धामों में आईटीबीपी के जवानों की एक- एक प्लाटून पहुंच गई है और उन्होंने मंदिरों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है । गत वर्ष केदारनाथ धाम के गर्भगृह के स्वर्ण मंडित होने और दोनों धामों में मास्टर प्लान के तहत व्यापक स्तर पर चल रहे पुनर्निमाण कार्यों के कारण वहां पर लोगों की आवाजाही को देखते हुए अजय ने राज्य सरकार से मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया था।

सूर्यास्त 19-12-2023 5:57 बजे | सूर्योदय 20-12-2023 6:36 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,315.09 | 21,418.65 |
| (-168.66) | (-38.00) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 79,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आत्मावलोकन

अपनी जड़ताओं को,
ऊँची टाँक कर तो देखो।
भीतर की गंदगी को,
थोड़ा ढाँक कर तो देखो।
अपनी कमजोरी को,
जरा आँक कर तो देखो।
बस एक बार गिरेबां में,
अपने झाँक कर तो देखो।।

संसद में हंगामे पर अभूतपूर्व कार्रवाईः

# विपक्ष के 78 सदस्य निलंबित

**पिछले सप्ताह से अब तक कुल 92 सदस्यों को अमर्यादित आचरण और आसन की अवहेलना करने के लिए निलंबित किया जा चुका है।**

■ निलंबित सदस्यों में 46 लोक सभा के और 46 राज्य सभा के हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर दोनों सदनों की कार्यवाही में पिछले सप्ताह से लगातार व्यवधान के बीच एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में सोमवार को विपक्ष के 78 सदस्यों सहित पिछले सप्ताह से अब तक कुल 92 सदस्यों को अमर्यादित आचरण और आसन की अवहेलना करने के लिए निलंबित किया जा चुका है। निलंबित सदस्यों में 46 लोक सभा के और 46 राज्य सभा के हैं।

लोक सभा ने आज विपक्ष के 33 सदस्यों को निलंबित किया जबकि राज्य सभा के 45 सदस्य निलंबित किए गए।

सोमवार को दोनों सदनों में निलंबित किए गए सदस्यों में लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य जयराम रमेश, के सी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर राय, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, जनता दल युनाईटेड के रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास भी शामिल हैं।

इससे पहले पिछले सप्ताह दोनों सदनों में कार्यवाही में व्यवधान डालने और अमर्यादित आचरण के आरोप में लोक सभा ने 14 सदस्यों को निलंबित किया था। जिनमें से एक सदस्य का नाम निलंबित सदस्यों की सूची में त्रुटिवश शामिल कर लिया गया था जिसे संशोधित कर दिया गया।

राज्य सभा में आज विपक्ष के 45 सदस्यों को निलंबित किया गया और एक सदस्य को पिछले सप्ताह निलंबित किया गया था। उच्च सदन में पिछले सप्ताह निलंबित तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन के मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया है और उसकी रिपोर्ट आने तक वह सदन से निलंबित रहेंगे। सदन में आज निलंबित 45 में से 11 सदस्यों का मामला जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को दिया गया है और उसकी रिपोर्ट आने तक उनका निलंबन बना रहेगा।

# कोविड के बढ़ते मामलों पर केंद्र का राज्यों को सतर्कता बरतने का निर्देश

**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्र सरकार ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्कता बरतने, कोविड मानक लागू करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि केरल समेत सभी कई राज्यों में कोविड-19 के मामले बढ़ने की सूचनायें मिली हैं। केरल में कोविड-19 का नया रूप जेएन-1 का एक मामला सामने आया है।

पत्र में कहा गया कि स्थानीय प्रशासन को कोविड-19 की क्षेत्रीय स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने चाहिए और संबंधित प्रावधान लागू करने चाहिए। आगामी त्यौहारी मौसम को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा जिला स्तर किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी रखने चाहिए। सभी संदिग्धों को आरटी - पीसीआर की जांच की जानी चाहिए और सभी नमूनों के जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए।

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद की हालत काफी नाजुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/इस्लामाबाद/वार्ता।** पाकिस्तान में छिपे भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी दाऊद इब्राहिम को जहर दिये जाने की खबरें आ रही हैं और उसकी हालत काफी नाजुक है। उसको कराची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



इस खबर के आने के बाद पाकिस्तान में फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), यूट्यूबर और गूगल सर्विस डाउन हो गई हैं, जिससे कोई कम्यूनिकेशन नहीं हो पा रहा है। इस खबर की कोई आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हो पा रही है। दाऊद पहले से ही किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था।


एक्स पर कई लोग दावा कर रहे हैं कि दाऊद को जहर दिया गया था जिसके बाद उसकी हालत काफी नाजुक हो गई। इलाज के लिए उसे कराची के किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है लेकिन पाकिस्तान उससे संबंधित खबर को छुपाकर रखना चाहता है। हालांकि अभी तक किसी भी सरकारी एजेंसी या मीडिया द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

भारत के सबसे बड़े दुश्मन और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर देने की खबर के बाद से सोशल मीडिया पर कई दावे किए जा रहे हैं। पाकिस्तान में छिपकर रह रहे दाऊद को जहर देने के दावे के साथ कहा जा रहा है कि उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आबकारी नीति मामलाः

## केजरीवाल को ईडी का समन जारी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



संघीय एजेंसी ने पहली बार उन्हें दो नवंबर को पेश होने के लिए बुलाया था, लेकिन वह यह आरोप लगाते हुए जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए कि नोटिस ''अस्पष्ट, (राजनीति से) प्रेरित और कानून के मुताबिक विचारणीय नहीं'' था। अधिकारियों ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को भेजा गया समन कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूछताछ और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करने से संबंधित है।

# अवैध फोन टैपिंग पर तीन साल की जेल, दो करोड़ जुर्माना या दोनों का प्रावधान

**लोकसभा में पेश किया गया नया दूरसंचार विधेयक, 2023**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अवैध रूप से फोन संचार को बाधित करना, अनधिकृत डेटा स्थानांतरण या दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच हासिल करने का प्रयास करने पर जल्द ही तीन साल तक की कैद की सजा या दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों लागू हो सकते हैं।

लोकसभा में सोमवार को पेश किए गए नए दूरसंचार विधेयक, 2023 के अनुसार, यदि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के हित के खिलाफ किसी भी तरह से काम करता है और अवैध रूप से दूरसंचार उपकरणों का उपयोग करता है, तो उसे तीन साल तक की कैद की सजा सुनाई जा सकती है या दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना लग सकता है या दोनों सजा दी जा सकती हैं। यदि केंद्र सरकार उचित समझती है तो ऐसे व्यक्ति की दूरसंचार सेवा निलंबित या समाप्त भी कर सकती है।

विधेयक में कहा गया है कि जो कोई भी महत्वपूर्ण दूरसंचार बुनियादी ढांचे के अलावा दूरसंचार नेटवर्क को नुकसान पहुंचाता है, वह नुकसान के एवज में मुआवजे और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने के लिए उत्तरदायी होगा।





# भारत बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत

■ 19 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी/वार्ता।** काशी समेत समूचे देश के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने में सफल होंगे।

वाराणसी में 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा अब से कुछ महीने बाद ही देश भर में चुनाव है और मोदी ने देश को गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनाकर रहेगा। ये गारंटी अगर मैं देश को दे रहा हूं, तो इसका कारण आप सभी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा हमारा प्रयास है कि भारत सरकार ने गरीब कल्याण की, जन-कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एकदम सुपरहिट हो गई है। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा। उन्होने कहा आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों, हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। ?

### लद्दाख में 5.5 का भूकंप

**जम्मू/भाषा।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोमवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप का झटका आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप का झटका अपराह्न 3.48 बजे आया और इसका केंद्र कारगिल था। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किलोमीटर नीचे 33.41 डिग्री अक्षांश और 76.70 डिग्री देशांतर पर था।

## धोखाधड़ी वाले 2500 लोन ऐप गूगल प्ले स्टोर से हटाये गये : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि गूगल ने अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप को निलंबित किया है या हटा दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य नियामकों तथा संबंधित हितधारकों के साथ लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में एक अंतर-नियामक मंच, वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठकों में भी इस मामले पर नियमित रूप से चर्चा और निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर पर ऋण देने वाले ऐप को शामिल करने के संबंध में अपनी नीति को अद्यतन किया है और संशोधित नीति के अनुसार, प्ले स्टोर पर केवल उन्हीं ऐप को जारी करने की अनुमति दी गई है जो या तो विनियमित संस्थाओं (आरई) द्वारा जारी किए गए हैं या आरई के साथ साझेदारी में काम कर रहे हैं।






# राजाजीनगर में तेरापंथ महिला मंडल ने आयोजित की दो कार्यशालाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में तेरापन्थ भवन में 'मां का दिशाबोध-बेटी की उड़ान' तथा दि पॉवर ऑफ सेल्फ पॉवर' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए दोनों कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि रिश्तों में सबसे प्यारा रिश्ता मां-बेटी का होता है जो परिवार की बुनियाद को मजबूत करता है।

उन्होंने कहा की अपने आत्मशक्ति से परिपूर्ण व्यक्ति मानसिक और शारारिक दोनों ही तरफ से धैर्यवान और शक्तिशाली बन जाता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नमीता दुगड़ ने बताया कि बेटियों को संस्कार के साथ साथ सक्षम भी बनाना चाहिए और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बेटियों को सकारात्मक सोच से उन्नति का दिशाबोध कराएं। मां-बेटी की आपसी सामंजस्य को परखने के लिए दो रोचक गतिविधियां करवाई गई। विजेता जोड़ियों को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया।

मुख्य वक्ता का परिचय संयोजिका अरुणा कोठारी ने दिया। सह संयोजिका सुरेखा श्रीश्रीमाल ने धन्यवाद दिया। कार्यशाला में 20 मां-बेटी के जोड़े उपस्थित थे।



# मैसूरु मदारिया क्षेत्र में प्री-वेडिंग फोटो शूट पर लगी पाबंदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के मदारिया ओसवाल साजनान समाज की साधारण सभा का आयोजन तेरापंथ सभा भवन में हुआ। सभा की शुरुआत मंगलाचरण नमस्कार महामंत्र से हुई। अतिथि के तौर पर केंद्रीय संस्था आजेंश्वर के कोषाध्यक्ष रामलाल कोठारी उपस्थित थे। अध्यक्ष सुरेशकुमार दक ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए मदारिया समाज के मौलिक संस्कार एवं परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए निरंतर विकास हेतु उपस्थित समस्त सदस्यों का आह्वावन किया। समाज के सदस्यों ने दक की अध्यक्षता में सामूहिक कार्यक्रमों में सादगी मर्यादा एवं उच्च मूल्यों पर आधारित रीति रिवाजों के साथ कार्यक्रम हेतु अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसमं मैसूरु एवं मैसूरु क्षेत्र में आयोजित विवाह के दौरान वर-वधू के प्री वेडिंग के फ़ोटो शूट व वीडियो के सार्वजनिक प्रदर्शन पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। विवाह समारोह के दौरान 200 से अधिक मेहमानों की उपस्थिति वाले सभी भोजन में आइटम की अधिकतम सीमा 25 निर्धारित की गई। भोजन में बनने वाले आइटम का नाम किसी भी मांसाहारी शब्द से मिलता हुआ नहीं होना चाहिए। सामाजिक भोजन मे महिला वेटर्स पर पाबंदी रहेगी।

आदि अनेक नियम पास किए गए साथ ही जो परिवार समाज के नियमों की पालना करेंगे उनका समाज के समक्ष सम्मान करने का निर्णय लिया गया। प्रतिवर्ष स्नेहमिलन के प्रस्ताव को पारित करते हुए समस्त क्षेत्र में प्रवासित परिवारों का स्नेह मिलन आगामी 7 जनवरी को श्रीरंगपटटना स्थित कावेरी सांई धाम में होना तय हुआ है। उपाध्यक्ष सागरमल कोठारी ने आभार जताया। संचालन मंत्री प्रमोद श्रीमाल व महावीर देरासरिया ने किया।



# कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने लोस अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति का अपमान किया: पीयूष गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति का 'अपमान' करने और अपने आचरण से देश को 'शर्मिंदा' करने का आरोप लगाया। पिछले पांच दिनों के भीतर संसद के दोनों सदनों के 92 सदस्यों को निलंबित किए जाने के सिलसिले में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्षी सदस्य तख्तियां लेकर आए और जानबूझकर संसदीय कार्यवाही को बाधित किया जबकि पहले फैसला लिया था कि सदन में तख्तियां ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी आर बालू और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रे सहित 33 विपक्षी सदस्यों को संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर तख्तियां दिखाने और नारे लगाने के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। द्रमुक के 10, तृणमूल कांग्रेस के नौ, कांग्रेस के आठ और आईयूएमएल, जदयू और आरएसपी के एक-एक सदस्य सहित 30 सदस्यों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया जबकि कांग्रेस के तीन अन्य सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए सदन की कार्यवाही बाधित की। पिछले सप्ताह लोस की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष के 13 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और राज्यसभा से एक सदस्य को निलंबित कर दिया गया था।



# मारवाड़ी सम्मेलन के वैवाहिक परिचय सम्मेलन में शामिल हुए 105 उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, बेंगलूरु शाखा द्वारा 'मुझसे शादी करोगे' नामक 'अपने मारवाडियों का विवाह परिचय सम्मेलन' का आयोजन गोड़वाड़ भवन में दिया किया। बेंगलूरु अध्यक्ष अरुण खेमका ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित उम्मीदवारों ने क्रमवार तरीके से अपना अपना परिचय दिया। इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 40 महिलाएं व 65 पुरुष सहित देश भर से आए कुल 105 अविवाहित उम्मीदवारों ने भाग लिया। इस मौके पर गोड़वाड़ भवन के अध्यक्ष कुमारपाल सिसोदिया ने सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में और भी ऐसे कार्यक्रम साथ मिलकर करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष अरुण खेमका, सचिव पंकज



जालान, कोषाध्यक्ष प्रिंस जैन, प्रांतीय अध्यक्ष रमाकांत सराफ सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन किया।

विवाह कमेटी के संचालक सदस्य सीताराम अग्रवाल, रमेश टिबरेवाल और गंगाधर मोर के देखरेख में कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली गई। विवाह कमेटी के संयोजक सदस्य मनीष अग्रवाल, गोपाल कुमार और स्नेहकुमार जाजू के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा के अनेक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। पंकज जालान ने धन्यवाद दिया।

# बलात्कार आखिर बलात्कार है, चाहे यह पति ने ही क्यों न किया हो: गुजरात उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात उच्च न्यायालय ने कहा है कि बलात्कार आखिर बलात्कार होता है, भले ही यह किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ ही क्यों न किया गया हो। इसने कहा कि भारत में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर कायम चुप्पी को तोड़ने की जरूरत है।

हाल में में दिए गए एक आदेश में, न्यायमूर्ति दिव्येश जोशी ने कहा कि भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की वास्तविक घटनाएं सामने आने वाले आंकड़ों से संभवत: कहीं अधिक हैं। आदेश में कहा गया कि पीछा करने, छेड़छाड़, मौखिक और शारीरिक हमले जैसी कुछ चीजों को समाज में आम तौर पर मामूली अपराध के रूप में चित्रित किया जाता है और साथ ही सिनेमा जैसे लोकप्रिय माध्यमों में इसे प्रचारित भी किया जाता है। इसमें कहा गया कि जहां यौन अपराधों को लड़के तो लड़के ही रहेंगे के चश्मे से देखा जाता है और अपराध को नज़रअंदाज़ किया जाता है, उसका पीड़ित लोगों पर एक स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है। अदालत ने बहू के साथ क्रूरता और आपराधिक धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार एक महिला की नियमित जमानत याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। आरोप है कि महिला के पति और बेटे ने बहू के साथ बलात्कार किया तथा पैसे कमाने के लालच में अश्लील साइट पर पोस्ट करने के लिए निर्वस्त्र अवस्था में उसके वीडियो बनाए। इसने कहा, ज्यादातर (महिला पर हमला या बलात्कार) मामलों में, सामान्य प्रथा यह है कि यदि पुरुष पति है, लेकिन वह पर पुरुष के समान आचरण करता है, तो उसे छूट दी जाती है।

# इक्रा ने जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया

**मुंबई/भाषा।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

हालांकि इक्रा का संशोधित अनुमान भी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सात प्रतिशत वृद्धि के रिजर्व बैंक के संशोधित अनुमान से कम है। रिजर्व बैंक ने हाल ही में इसे 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत किया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक बयान में इस संशोधन की वजह बताते हुए कहा कि जिंसों के दाम में कमी का सिलसिला कायम रहने से अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर पिछले अनुमान से बेहतर रहने की उम्मीद है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इक्रा का कारोबारी गतिविधि 'मॉनिटर' गैर-कृषि संकेतकों में त्योहारों के दौरान वृद्धि दर्शाता है। इससे हमें लगता है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर तीसरी तिमाही में हमारे पिछले अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

# कांग्रेस ने आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किया 'डोनेट फॉर देश' अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए सोमवार को 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया।

कांग्रेस, वेबसाइट और एक ऐप के माध्यम से यह अभियान चला रही है। खरगे ने कहा कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के माध्यम से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने के लिए काम करेगी उिन्होंने कहा, ''आज खुशी दिन का दिन है कि हमारे नेताओं ने मिलकर एक ऐप तैयार किया है ।



कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी...यह अभियान पूरे देश में एक मुहिम बन रहा है, जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं।''

खरगे ने कहा, ''अगर सिर्फ अमीरों पर भरोसा करके काम करते जाएंगे तो आगे आपको उनके कार्यक्रम और नीतियों को मानना पड़ता है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की इकलौती पार्टी है जो गरीबों के साथ है।



# चिकपेट जैन मंदिर में धूमधाम से हुआ तेहरवां ध्वजारोहण

## माइक्रो लेब्स के सुराणा परिवार ने किया ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ चिकपेट में युगादिदेव संप्रतिकालीन श्री आदिनाथ प्रभु के मंदिर का तेहरवां ध्वजारोहण एवं बारहवीं वर्षगाँठ सोमवार को बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर संगीत की सुरावली में आचार्यश्री तीर्थभद्रसूरीश्वरजी के शिष्य मुनिश्री तीर्थपूर्णविजयजी एवं साध्वीश्री नयदर्शाश्रीजी की निश्रा में मंदिर में सत्तरभेदी पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के बाद पूरे धूमधाम से व मंत्रोच्चार के साथ कायमी ध्वजा के लाभार्थी भवरीबेन घेवरचंद सुराणा परिवार के दिलीप-आनंद सुराणा परिवार ने मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित थे। विजय लब्धि सूरी जैन संगीत मंडल द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई तथा आदिनाथ जैन सेवा मंडल ने व्यवस्था संभाली।

# देशभर में 1,000 वाहन कबाड़ केंद्रों की जरूरत: गडकरी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि देश में वाहनों को कबाड़ में बदलने वाले 1,000 केंद्रों और 400 स्वचालित फिटनेस जांच केंद्रों की जरूरत है।

गडकरी ने वाहनों उपयोगिता अवधि का प्रमाणपत्र जमा करने वाले मंच 'डिजीईएलवी' की शुरुआत करते हुए कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय ने अब तक देश भर में 85 वाहन कबाड़ केंद्रों को मंजूरी दी है उिन्होंने कहा, हमें देश भर में वाहनों को कबाड़ में बदलने वाले 1,000 केंद्रों और कम-से-कम 400 स्वचालित वाहन फिटनेस जांच केंद्रों की जरूरत है। डिजीईएलवी वाहनों



की जीवन अवधि खत्म होने वाला प्रमाणपत्र जमा करने का एक मंच है। पुराना वाहन जमा करने का प्रमाणपत्र रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस मंच के जरिये अपने प्रमाणपत्र को बेच सकता है। जमा प्रमाणपत्र उस समय जारी किया जाता है जब कोई उपयोगकर्ता आरवीएसएफ में अपने वाहन को कबाड़ में बदलने के लिए जमा करता है। गडकरी ने राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति को सभी संबद्ध पक्षों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि भारत दक्षिण एशिया में वाहनों का कबाड़ में बदलने का केंद्र बन सकता है। गडकरी ने कहा, संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली (सर्कुलर) अर्थव्यवस्था बेहद अहम है और इससे देश में नौकरियां पैदा होने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त, 2021 में राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति जारी करते हुए कहा था कि इससे खस्ताहाल और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने में मदद मिलेगी और एक 'सर्कुलर' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को अब 'गंदा शब्द' माना जाता है: सीआरपीएफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब आतंकवाद प्रचलित शब्द नहीं है और इसे अब 'गंदा शब्द' माना जाता है। सीआरपीएफ के एडीजी नलिन प्रभात ने शोपियां में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मूल बात हमें यह समझनी होगी कि आज के माहौल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब प्रचलित शब्द नहीं है, अब यह एक गंदा शब्द है। इसलिए वे (आतंकवादी) खत्म हो जायेंगे।''

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक व्यक्ति जिस दिन आतंकवादी बनता है या किसी आतंकी संगठन



में शामिल होता है, वह उसी दिन अपनी 'मौत के वारंट' (डेथ वारंट) पर हस्ताक्षर कर देता है उिन्होंने कहा, '' जो कोई भी आतंकवादी बनता है या किसी आतंकवादी संगठन में शामिल होता है वह अपने 'डेथ वारंट' पर हस्ताक्षर करता है। वे (आतंकवादी) समाप्त हो जाएंगे क्योंकि ईश्वर देश और इसके लोगों तथा हमारे साथ है।'' प्रभात ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितने आतंकवादी सक्रिय हैं क्योंकि उन सभी का हस्र एक जैसा होगा।

# मुख्यमंत्री और एसएफआई के खिलाफ केरल के राज्यपाल ने रुख कड़ा किया, कहा-मैं डरने वाला नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम (केरल)/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और सत्तारूढ़ माकपा की छात्र इकाई के खिलाफ अपना रुख सख्त करते हुए सोमवार को उन्हें 'धमकाने वाला' करार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि वह ''उनसे डरने वाले नहीं हैं''।

विजयन ने एक दिन पहले राज्यपाल पर आरोप लगाया था कि वह भड़काऊ बयान देकर राज्य की शांति को 'भंग' करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे जाने पर राज्यपाल ने मुख्यमंत्री का उल्लेख 'धमकाने वाले' के तौर पर किया। खान ने संवाददाताओं से कहा, ''आप उनका (विजयन का) इतिहास जानते हैं? वह कितने हत्या के मामलों में शामिल हैं? एक बुली (धमकाने वाला) क्या कहेगा? मैं कैसे उकसा रहा हूं? अगर मैं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी



(माकपा)के लोगों को (विश्वविद्यालय के)सीनेट में नामांकित करता हूं, तो यह ठीक है?'' उन्होंने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं को भी 'बुली' करार दिया। खान ने कहा, ''यदि वे मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं तो उनका हार्दिक स्वागत है। मैं कह रहा हूं, यहां आइये, यदि आप मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हो तो यहां आइये। आप क्यों नहीं आते? वे केवल बुली हैं। वे छात्र नहीं हैं। सभी छात्र एसएफआई से जुड़े हुए हैं। किसी छात्र ने प्रदर्शन नहीं किया, यह केवल एसएफआई थी। क्यों? क्योंकि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद उन्होंने महसूस किया कि वे विश्वविद्यालयों को नियंत्रित और संचालित नहीं कर सकते हैं।'' विश्वविद्यालयों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा शक्तियों के कथित 'दुरुपयोग' का उदाहरण देते हुए खान ने दावा किया कि कालीकट विश्वविद्यालय में छह बढ़ई की नियुक्ति की गई जबकि एक ही पद की रिक्ति थी उिन्होंने दावा किया कि छह पद पर नियुक्त लोग माकपा के कार्यकर्ता हैं। खान ने कहा, ''वे शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे थे। अब वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दी है कि उनकी कोई भूमिका नहीं है। इसी बात ने उन्हें परेशान कर दिया है।''

# इलेक्ट्रिक बसों की हिस्सेदारी 2024-25 में दोगुनी होने की उम्मीद: रिपोर्ट

**मुंबई/भाषा।** आपूर्ति में देरी संबंधी जोखिमों और चार्जिंग स्टेशनों की कमी के बावजूद अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बस बिक्री में इलेक्ट्रिक बसों (ई-बसों) की हिस्सेदारी दोगुनी होकर आठ प्रतिशत हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि सहायक नीति उपायों और अनुकूल स्वामित्व लागत के चलते ऐसा होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि सार्वजनिक परिवहन पर जोर देने के साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के कारण कुल बस बिक्री में ई-बसों की हिस्सेदारी बढ़ेगी। अगले वित्त वर्ष में नई बिक्री में ई-बसों की हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष के चार प्रतिशत से बढ़कर आठ प्रतिशत हो जाएगी।

## कर्नाटक निर्वस्त्रीकरण मामला

# एनएचआरसी के डीआईजी पहुंचे बेलगावी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के डीआइजी सुनील कुमार मीणा सोमवार को कर्नाटक के बेलगावी शहर में 42 वर्षीय दलित महिला को निर्वस्त्र करने, उसके साथ मारपीट करने और उसे निर्वस्त्र घुमाने की वंटामुरी घटना की जांच करने पहुंचे। मीना बेलगावी शहर के सर्किट हाउस में घटना के बारे में प्रारंभिक जानकारी जुटाएंगे और बाद में बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बीआईएमएस) अस्पताल में पीड़ित से मिलेंगे।

रविवार रात को मामला क्षेत्राधिकार वाले काकाथी पुलिस स्टेशन से आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को स्थानांतरित किए जाने के बाद, एक महिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के नेतृत्व में राज्य विशेष विंग के जांचकर्ता भी पीड़िता और गांव का दौरा कर रहे हैं। टीम पीड़िता से मुलाकात करेगी और गांव में प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर सकती है। पुलिस इस मामले में पहले ही 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और एक मुख्य आरोपी को पकड़ा जाना बाकी है। राज्य भाजपा ने घटना की निंदा करते हुए राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। राज्य भाजपा के सूत्रों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक समावेशी गठबंधन (इंडिया) गठबंधन सहयोगियों को निशाना बनाने के लिए यह मुद्दा सोमवार को संसद में उठाए जाने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने घटना की जांच के लिए पार्टी सांसदों और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया था। टीम ने बेलगावी का दौरा किया और पार्टी को रिपोर्ट सौंपी। कांग्रेस सरकार ने पीड़िता के लिए 5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है, जबकि बेलगावी जिला कानूनी प्राधिकरण उसे 50,000 रुपये देगा। यह घटना 10 दिसंबर को तब हुई, जब वंतमुरी गांव की रहने वाली पीड़िता को घर से बाहर खींच लिया गया और नग्न कर दिया गया। उसके बेटे के गांव की एक लड़की के साथ भाग जाने के बाद उसे नग्न कर बिजली के खंभे से बांध कर घुमाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। लड़की के परिजनों ने लड़के की मां पर जमकर उत्पात मचाया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने घटना को रोकने में पुलिस विभाग की विफलता के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की।

मुख्य न्यायाधीश पी.बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की थी, अन्य महिलाओं में क्या डर होगा? वह देश में असुरक्षित महसूस करेंगी। ऐसा महाभारत में भी नहीं हुआ था। द्रौपदी के पास भगवान कृष्ण थे, जो उसकी मदद के लिए आगे आए, लेकिन आधुनिक दुनिया में, कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं आया। दुर्भाग्य से, यह दुर्योधन और दुशासन की दुनिया है।




**प्रदर्शन**

बेलगावी में आशा कार्यकर्ता सोमवार को बेलगावी में अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि राज्य में सूखे की स्थिति और केंद्र से प्रदेश को मिलने वाली राहत पर चर्चा के लिए वह मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे।



सिद्दरामैया यात्रा के दौरान लोकसभा चुनाव की तैयारियों और राज्य द्वारा संचालित विभिन्न बोर्डों एवं निगमों में प्रमुख पदों पर पार्टी विधायकों तथा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से भी मिलेंगे।

सिद्दरामैया ने संवाददाताओं से कहा,''प्रधानमंत्री ने मुलाकात के लिए कल सुबह 11 बजे का समय दिया है। मैं उनसे मिलकर सूखे की स्थिति पर चर्चा करूंगा। इसके अलावा कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लूंगा। मैं लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा करूंगा।''

मीडिया के साथ साझा की गई मुख्यमंत्री की यात्रा योजना के अनुसार, वह आज शाम दिल्ली पहुंचेंगे और मंगलवार को केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे, उनके वापस आने का कार्यक्रम तय नहीं है।बार-बार अनुरोध करने और अधिकारियों के केंद्रीय दल द्वारा विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का दौरा तथा निरीक्षण करने के बाद भी कथित तौर पर राज्य को सूखा राहत राशि जारी नहीं करने पर कांग्रेस सरकार मोदी सरकार की आलोचना करती रही है।

सरकार ने 236 तालुका में से 223 को सूखाग्रस्त घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य द्वारा संचालित विभिन्न बोर्डों और निगमों में प्रमुख पदों पर पार्टी विधायकों तथा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के बारे में वह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, हमने पहले भी चर्चा की है और एक सूची पार्टी आलाकमान को भेज दी है।

# कर्नाटक में कोविड-19 के फिर से उभरने की आशंका

बेंगलूरु/दक्षिण भारत।। पड़ोसी राज्य केरल में कई लोगों के नए जेएन-1 वैरिएंट से संक्रमित होने के बाद कर्नाटक में कोविड-19 महामारी की आशंका फिर से उभर आई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल आयोजित करने का आदेश दिया है। केरल से कर्नाटक के सीमावर्ती जिलों में लोगों की आवाजाही की निगरानी पर भी चिंता जताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने तीन लाख मेडिकल किट का ऑर्डर दिया है और राज्य में, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों और राज्य की राजधानी बेंगलूरु में रैपिड एंटीजन परीक्षणों (आरएटी) की संख्या में वृद्धि की है। मॉक ड्रिल का आयोजन महामारी की स्थिति में बिस्तरों, कर्मचारियों, डॉक्टरों, ऑक्सीजन संयंत्रों के समुचित कार्य के साथ-साथ जरूरी दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। इस बीच, मैसूरु, चामराजनगर और केरल की सीमा से लगे दक्षिण कन्नड़ और उडुप्पी के तटीय जिलों के जिला आयुक्तों ने उभरती स्थिति से निपटने के लिए बैठकें की हैं। दक्षिण कन्नड़ जिले के मंगलूरु शहर में हर दिन हजारों छात्र, व्यापारी और अन्य लोग आते हैं। कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में राजमार्गों के अलावा 20 से अधिक प्रवेश बिंदु हैं, और लक्षण वाले व्यक्तियों की निगरानी की अनुपस्थिति के बारे में चिंता जताई गई है। अधिकारी बावली चेक पोस्ट से मैसूरु शहर तक यात्रियों की आवाजाही की निगरानी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।मौजूदा स्थिति पर अनिश्चितता है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक लक्षणों वाले केरल के यात्रियों की स्क्रीनिंग के संबंध में निर्णय नहीं लिया है।

# एनआईए ने बेंगलूरु में कानून के छात्र से सोडियम नाइट्रेट किया बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एनआईए ने बेंगलूरु में सोमवार को शहर के बाहरी इलाके ब्याडरहल्ली में एक लॉ कॉलेज के छात्र के आवास से विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाला 7.5 किलोग्राम सोडियम नाइट्रेट रसायन जब्त किया।

सूत्रों ने बताया कि यह रसायन कानून के छात्र शमीउल्ला के आवास पर पाया गया। एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया और तलाशी अभियान जारी रखा।

उन्होंने बताया कि शमीउल्ला ने चार अन्य लोगों के साथ प्रकृतिनगर इलाके में किराये पर मकान लिया था। उनमें से एक बेंगलूरु के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से इंजीनियरिंग का छात्र है। गिरफ्तारी से यह संदेह पैदा हो गया है कि आरोपी आईटी सिटी में विस्फोट करने की तैयारी में था।

एनआईए ने प्रतिबंधित पीएफआई संगठन के सदस्यों द्वारा कथित आतंकवादी गतिविधियों के सिलसिले में उत्तरी कर्नाटक के बेल्लारी शहर में सात घरों पर एक साथ छापेमारी की। इन छापों में एनआईए ने बेल्लारी से इजाज अहमद, सुलेमान, तबरेज, निखिल उर्फ सूफियान, मुजम्मिल को हिरासत में लिया है।

सूत्रों ने कहा कि एनआईए को संदेह है कि आरोपियों को भारत में आतंकी गतिविधि को अंजाम देने के लिए अफगानिस्तान में प्रशिक्षित किया गया है। एनआईए ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# मैसूरु हवाई अड्डे का नाम टीपू सुल्तान या कृष्णराज वाडियार पर, छिड़ी बहस?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मैसूर हवाईअड्डे का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रखने के प्रस्ताव के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने है। बीजेपी इकाई पूरी ताकत से इस प्रस्ताव का विरोध कर रही है और यह मुद्दा राज्य में सांप्रदायिक रंग लेने की संभावना है।

आरडीपीआर, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खअगजे ने प्रस्ताव रखा और कांग्रेस विधायक प्रसाद अब्बैया ने शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को उठाया। आवास मंत्री बी.जेड. जमीर अहमद खान और अन्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि पार्टी भाजपा का मुकाबला करने के लिए मैसूरु हवाई अड्डे का नाम टीपू के नाम पर रखना चाहती है। बीजेपी ने टीपू एक्सप्रेस ट्रेन का नाम बदलकर वाडियार एक्सप्रेस कर दिया था।

भाजपा ने पाठ्य पुस्तकों के पाठ्यक्रम से 'मैसूर टाइगर' शीर्षक भी हटा दिया था। बीएस येडीयुरप्पा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने राज्य में टीपू जयंती मनाने पर रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 2015 में कर्नाटक में टीपू जयंती मनाने की शुरुआत की थी। सूत्रों का कहना है कि सिद्दरामैया सरकार इस पृष्ठभूमि में मैसूरु हवाई अड्डे का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रखने पर गंभीरता से विचार कर रही है। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। बीजेपी इस मुद्दे का इस्तेमाल राज्य में हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण के लिए करेगी क्योंकि लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं।

बीजेपी विधायक बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि सार्वजनिक शौचालय के लिए टीपू सुल्तान का नाम रखा जाना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि हवाई अड्डे का नाम मैसूर के पूर्व शासक नलवाडी कृष्णराज वाडियार के नाम पर रखा जाना चाहिए।

# बेटियों को बचाने के लिए 'बेटा पढ़ाओ'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और उससे मारपीट करने के मामले में स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई जारी रखते हुए सोमवार को समाज के लिए सामूहिक जिम्मेदारी तय करने का आह्वान किया।

मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा, यह 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नहीं है। यह बेटियों को बचाने के लिए 'बेटा पढ़ाओ' है। जब तक आप लड़के को नहीं बताएंगे, आप इसे हासिल नहीं कर पाएंगे। लड़की स्वाभाविक रूप से दूसरी महिला का सम्मान करेगी। लड़के को यह बताना होगा कि वह महिला का सम्मान करे और उसकी रक्षा करेउच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर को हुक्केरी तालुका में 42 वर्षीय महिला को कथित तौर पर बिजली के खंभे से बांधने, निर्वस्त्र करने और उसके साथ मारपीट करने की घटना की खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया। महिला के साथ कथित बर्बरता उसके बेटे के उसी गांव की अनुसूचित जनजाति समुदाय की एक लड़की के साथ भाग जाने के बाद की गई। उच्च न्यायालय ने अपनी सुनवाई में ऐसे मामलों में सामूहिक जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई।

अदालत ने कहा, कुछ सामूहिक जिम्मेदारी वाले कदम उठाने होंगे, जो इतिहास में लॉर्ड विलियम बेंटिक ने उठाए थे। अपराधियों की हरकत नहीं, बल्कि मौके पर खड़े लोगों की निष्क्रियता ज्यादा खतरनाक है। मूकदर्शक बनकर खड़े ये लोग हमलावर को नायक बना देंगे। उच्च न्यायालय ने मौखिक रूप से कहा कि लॉर्ड विलियम बेंटिक ने अपराधियों को शरण देने वाले गांवों पर सामूहिक जुर्माना लगाया था। इसने उल्लेख किया कि गांव का केवल एक व्यक्ति महिला के बचाव में आया। दलीलों के दौरान अदालत ने जानना चाहा कि ग्रामीण मूकदर्शक क्यों बने रहे, क्या वे 'पुलिस' से डरते हैं?उच्च न्यायालय ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए 50,000 रुपये का अंतरिम मुआवजा दिया था, जिसमें से 50 प्रतिशत निकालने की अनुमति दी गई थी और अन्य 50 प्रतिशत सावधि जमा खाते में रखने की अनुमति दी गई थी। चिकित्सा अधिकारी से परामर्श करने के बाद उच्च न्यायालय ने कहा कि महिला को छह से आठ महीने तक इलाज की आवश्यकता है। इसने डीएलएसए के आदेश को संशोधित किया और पूरी मुआवजा राशि बिना शर्त जारी करने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से महिला के बैंक खाते में पांच लाख रुपये जमा किए गए हैं और कर्नाटक महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम ने पीड़िता को बेलगावी के चुलकी गांव में दो एकड़ 3 गुंटा जमीन आवंटित की है। इसने कहा, हम पीड़िता को सांत्वना देने के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा उठाए गए इन कदमों की सराहना करते हैं।

# लिंगायत नेतृत्व को 'खत्म' करने का किया जा रहा प्रयास : संत समुदाय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। बालेहोसुर के लिंगायत संत दंगलेश्वर स्वामीजी ने कहा है कि राज्य में समुदाय के दूसरे दर्जे के नेताओं और प्रमुख धार्मिक मठाधीशों को खत्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह बयान रविवार को स्वामीजी के 68वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार की मौजूदगी में दिया गया।

सभा को संबोधित करते हुए संत ने कहा, राज्य की राजनीति में मठों और दूसरे दर्जे के नेतृत्व को नष्ट करने की एक व्यवस्थित साजिश है। मुझे नहीं पता कि मुझे जन्मदिन के इस अवसर पर इस बारे में बात करनी चाहिए या नहीं, लेकिन किसी का विनाश हमें बर्दाश्त नहीं करना चाहिए।

संत ने कहा, धार्मिक संत और राजनीतिक नेतृत्व समाज के लिए मजबूत स्तंभ हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लिंगायत नेतृत्व का स्तंभ मजबूत हो और इस संबंध में जागृत होने का समय आ गया है।

हिंदू पुराणों का हवाला देते हुए, दंगलेश्वर स्वामीजी ने कहा: समुदाय के नेताओं और धार्मिक मठाधीशों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हथियार दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, देवी के पास कोई हथियार नहीं था। दूसरों से हथियार प्राप्त करने के बाद, उन्होंने बुरी ताकतों को नष्ट कर दिया। मैं इसका जिक्र इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि हमारे नेताओं को हथियार देने की जरूरत है।

## नकली नोट बरामद होने के बाद केरल का व्यक्ति गिरफ्तार

मंगलूरु। कर्नाटक में मंगलूरु पुलिस ने केरल के एक व्यक्ति के पास से नकली नोट बरामद किए और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि एक सूचना के आधार पर मध्य अपराध शाखा के कर्मियों ने रविवार को मंगलूरु के कंकनाडी इलाके से केरल के मंजेश्वर निवासी चन्द्रशेखर को गिरफ्तार किया।

# छात्रों से 'सोक पिट' साफ कराने के आरोप में प्रधानाचार्या और दो कर्मी निलंबित

कोलार/दक्षिण भारत। कर्नाटक के कोलार जिले में स्थित एक स्कूल में बने सोक पिट को कथित तौर पर कुछ छात्रों से साफ करवाने के आरोप में स्कूल की प्रधानाचार्या और दो अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक की शिकायत पर रविवार को दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थी।उन्होंने बताया कि पहली प्राथमिकी 'सोक पिट' की घटना से जुड़ी है जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरी प्राथमिकी पॉक्सो अधिनियम से संबंधित है जिसमें एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, स्कूल की प्रधानाचार्या को उनकी मौजूदगी में कुछ छात्रों से कथित तौर पर सोक पिट साफ करवाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक अन्य मामले में, एक पुरुष शिक्षक को उसके खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मालूर तालुका के यालुवाहल्ली में स्थित मोरारजी देसाई स्कूल में आठवीं, नौवीं और 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले कुछ छात्रों को कथित तौर पर एक दिसंबर को स्कूल परिसर में एक सोक पिट को साफ करने के लिए मजबूर किया गया था।

हालांकि, मामला कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी (केआरईआईएस) और अन्य उच्च अधिकारियों के संज्ञान में रविवार को तब आया जब घटना की कथित तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ।

केआरईआईएस के कार्यकारी निदेशक नवीन कुमार राजू ने पीटीआई-भाषा' को बताया कि विस्तृत जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि समिति घटनास्थल का दौरा करेगी और विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस राज्य संचालित बोर्ड व निगमों में प्रमुख पदों पर नियुक्ति को अंतिम रूप देने में जुटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार की सोमवार से नयी दिल्ली की यात्रा के दौरान राज्य संचालित विभिन्न बोर्ड और निगमों के प्रमुख पदों पर पार्टी के विधायकों और कार्यकर्ताओं के नामों की सूची को अंतिम रूप प्रदान कर सकती है। शिवकुमार ने कहा कि सूची को पहले ही शीर्ष नेतृत्व के पास स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। शिवकुमार कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख भी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा,''हम निश्चित रूप से इसे अंतिम रूप देकर लौटेंगे। हमने पहले ही सूची और प्रस्ताव भेज रखा है। हाल ही में राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और विधानसभा सत्र के चलते इसमें देरी हुई। मुख्यमंत्री और मैं दोनों जा रहे हैं और इसे अंतिम रूप दिलाकर ही लौटेंगे।''

मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात को लेकर पूछे गए एक सवाल पर शिवकुमार ने कहा,''ठीक है, हम मिलेंगे।'' मीडिया के साथ साझा की गई मुख्यमंत्री की यात्रा की योजना के अनुसार, वह आज शाम दिल्ली जाएंगे और मंगलवार को वहां केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। उनकी वापसी की यात्रा को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि अगर सिद्धरमैया प्रधानमंत्री से मिलते हैं तो वह सूखा राहत जारी करने में केंद्र की ओर से देरी समेत राज्य से जुड़े कई प्रमुख मुद्दे उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री से पहले दिल्ली जा रहे उपमुख्यमंत्री आज शाम और मंगलवार को किसी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करेंगे। उनकी वापसी की यात्रा भी अभी तय नहीं है।

कर्नाटक में कांग्रेस ने पिछले महीने पार्टी महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में राज्य-संचालित विभिन्न बोर्ड और निगमों में प्रमुख पदों पर नियुक्ति के लिए पार्टी विधायकों और कार्यकर्ताओं की एक सूची तैयार की थी। हालांकि ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रक्रिया को लेकर नेताओं के बीच कुछ मतभेद हैं। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने खुले तौर पर कहा कि इस प्रक्रिया में उनसे सलाह नहीं ली गई। कांग्रेस पार्टी के एक वर्ग के भीतर कुछ असंतोष है और जो विधायक मंत्री पद नहीं पा सके और बोर्ड तथा निगमों में नियुक्ति के दावेदार हैं, वे इसमें देरी से नाखुश हैं।

इसके अलावा पार्टी के कई लोग वफादार कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने में देरी से भी नाराज हैं क्योंकि कांग्रेस को सत्ता में छह महीने से भी अधिक समय हो गया है।

शिवकुमार ने हाल ही में कहा था कि कांग्रेस विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं दोनों को इन पदों पर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया था कि 15 से 20 पार्टी विधायकों और विधान परिषद के सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। वहीं, शेष पदों पर पार्टी के वफादार कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बोर्ड और निगमों में नियुक्तियां उन मुद्दों में से एक हैं जिन पर सिद्दरामैया और शिवकुमार के बीच कुछ मतभेद थे।

## संसद ने जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी की विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण संबंधी दो विधेयक पारित किए

नई दिल्ली। संसद ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के प्रावधान वाले दो अहम विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्यसभा ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 और संघ राज्य क्षेत्र शासन (सशोधन) विधेयक, 2023 को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी दी।


भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज,
पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फैक्स : 080-28094180 फोन : 080-28094184,4196, 4541, 4542

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना
संशोधन - I दिनांक 18.12.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/सी/ईटीएन-67 2023-2024 दिनांक 28.11.2023 |
| कार्य का नाम | एनएसए अनुभाग के लिए वर्कस्टेशन, विभाजन और भंडारण इकाइयां प्रदान करना, डेटा सिस्टम लैब में लकड़ी की बैकिंग और एससीसी परिसर, ईस्ट्रक के आरडीए अनुभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में लकड़ी का फर्श प्रदान करना। (सिविल इंटीरियर कार्य) |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 23.66 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | तीन (03) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 29.11.2023 को 14.30 बजे तक से 12.12.2023 को 16.30 तक जिसे 28.12.2023 तक बढ़ाया गया है । |
| बोली स्पष्टीकरण | 29.11.2023 को 15.30 बजे तक से 13.12.2023 को 16.30 तक जिसे 29.12.2023 तक बढ़ाया गया है । |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 14.12.2023 को 16.30 बजे तक जिसे 01.01.2024 तक बढ़ाया गया है । |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 15.12.2023 को 14.30 बजे तक जिसे 02.01.2024 तक बढ़ाया गया है । |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 18.12.2023 को 11.30 बजे से जिसे 03.01.2024 तक बढ़ाया गया है । |
| ईएमडी | रु. 47,320.00 |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखें जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी



# कालीचरण सराफ ने राजस्थान विधानसभा प्रोटेम स्पीकर की ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ ने सोमवार को यहां विधानसभा प्रोटेम स्पीकर की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में आयोजित समारोह में सायं करीब साढ़े चार बजे सराफ को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी, मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा सहित अन्य विशिष्ट लोग मौजूद थे। प्रोटेम स्पीकर शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने किया।

मिश्र ने सराफ के साथ सहयोग के लिए तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया है। जिसमें वरिष्ठ विधायक दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी और डॉ किरोडी लाल मीणा शामिल है। सराफ नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा सदस्य की शपथ दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक दल की बैठक में देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया था।

# सर्दी से छूट रही कंपकंपी : दस जिलों में बारिश का अलर्ट, माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा माइनस में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सर्दी से अब लोगों को कंपकंपी छूट रही है। उत्तर भारत से लगातार आ रही सर्द हवाओं के कारण राजस्थान के शहरों के तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। फतेहपुर, चूरू, कोटा के न्यूनतम तापमान में आज गिरावट हुई। फतेहपुर में सुबह घना कोहरा छाया रहा। पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में सोमवार को दूसरे दिन भी पारा माइनस में रहा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि बीकानेर, जोधपुर संभाग के 10 जिलों में 23 दिसंबर से बारिश हो सकती है। माउंट आबू में भी आज लगातार दूसरे दिन तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस और सीकर के फतेहपुर में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। यहां सुबह घना कोहरा रहा। इससे विजिबिलिटी कम रही।



मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि 23 दिसंबर से एक नया मौसमी तंत्र उत्तर भारत में सक्रिय होगा। इसके असर से राजस्थान उत्तर-पश्चिमी इलाकों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होगी। बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू में बारिश होने की संभावना है। वहीं, जोधपुर संभाग के जैसलमेर, फलौदी में बारिश हो सकती है। संभावना है कि नागौर, अजमेर, झुंझुनूं, सीकर के एरिया में भी इस सिस्टम का असर देखने को मिल सकता है।

पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में रविवार को न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से न्यूनतम तापमान फिर माइनस एक डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वाहनों की छतों, खेतों में खड़ी फसलों, मैदानों, जलाशयों के किनारों, सोलर प्लेटों आदि पर रात को पड़ी ओस से बर्फ की परत जम गई। सुबह व शाम के समय सर्दी का असर तेज हो गया है। लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए धूप का सेवन करने के साथ अलाव तापा। उधर, मौसम केन्द्र की माने तो आने वाले तीन दिन में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट संभव है। उसके बाद तापमान में बदलाव की संभावना कम है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और आस-पास के क्षेत्र पर प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र अब उत्तरी हरियाणा और उत्तर-हरियाणा पर स्थित है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और आसपास के क्षेत्र पर है। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को 22 दिसंबर से प्रभावित करने की संभावना है। ऐसा होने पर हिमालय में सर्दी बढ़ेगी और उसका प्रभाव प्रदेश पर भी पड़ सकता है। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार, वर्तमान परिस्थति के अनुसार राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क बना रहेगा। 23-24 दिसंबर के दौरान एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

# शिल्पग्राम उत्सव-2023 में बहेगी कला की सरिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा 21 दिसंबर से आयोजित किए जाने वाले विश्व विख्यात शिल्पग्राम महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि इस दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारंभ 21 दिसंबर को राज्यपाल कलराज मिश्र ढोल बजाकर करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि इसमें कुचिपुड़ी सहित तमाम क्लासिकल नृत्यों के साथ राजस्थान के ग्रामीण अंचलों के लोक संगीत और फॉक डांस का अनूठा संगम होगा। इस बार के शिल्पग्राम महोत्सव में देश के साथ ही विदेशी कलाकार भी शामिल होंगे। महोत्सव में पद्मसे सम्मानित चार प्रसिद्ध कलाकारों के साथ ही अपनी-अपनी आर्ट फॉर्म में सिद्धहस्त और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके 16 कलाकार भी प्रस्तुतियों से रिझाएंगे। यहां राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं लोक कला शिल्पग्राम महोत्सव 30 दिसंबर तक चलेगा। इस बार शिल्पग्राम उत्सव की थीम 'वर्ली ट्राइबल आर्ट' है। महोत्सव में करीब 400 शिल्पकार शामिल होने पहुंचेंगे।

श्रीमती सोनी ने बताया कि इस उत्सव में अपनी विधा पर सिद्धहस्तता दिखाने वाले पद्मकलाकारों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाली प्रस्तुति 'वीर मीरा' संगीत नाटक की रचयिता विदुषी सुमित्रा गुहा, ओडिशी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री रंजना गौहर, आंध्र प्रदेश के शास्त्रीय नृत्य, कुचिपुड़ी शैली के गुरु और कलाकार वीरनाला जयराम राव और फिल्मों में खूबसूरत गायिकी से मन मोह चुके राजस्थान के जैसलमेर के मांगणियार लोक गायक अनवर खान अपनी म्यूजिकल हार्मोनी जैसी विश्व प्रसिद्ध पेशकश देंगे।

# जयपुर में नाबार्ड की राष्ट्रीय प्रदर्शनी 21 से शुरू होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 21 से 26 दिसंबर तक 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के हस्तशिल्पी और दस्तकार अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। नाबार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने एक बयान में बताया कि देशभर के हस्तशिल्पियों और दस्तकारों के उत्पाद आमजन तक पहुंचाने व स्थानीय कलाओं को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड यह पहल कर रहा है।


उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे रंगायन में किया जाएगा, जिसमें राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, गुजरात, केरल समेत 19 राज्यों के लगभग 150 दस्तकार हिस्सा लेंगे।

प्रदर्शनी में रोजमर्रा की वस्तुएं, कपड़े, हस्तशिल्प और खाद्य पदार्थ व अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें असम के सीतलपति उत्पाद, गुजरात के काठियावाड़ी बीड वर्क, हरियाणा की हस्तनिर्मित दरी, कर्नाटक की हथकरघा साड़ियां, महाराष्ट्र की शुद्ध टसर सिल्क साड़ी, बाड़मेर के एप्लिक वर्क उत्पाद, राजस्थानी जूती आदि शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय उत्पादों की विशेषता को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार की ओर से भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) प्रदान किया जाता है। नाबार्ड की प्रदर्शनी में जीआई टैग पैवेलियन बनाया जाएगा। इसमें 19 जीआई टैग उत्पाद खरीद सकेंगे। इन उत्पादों के उद्गम की जानकारी भी साझा की जाएगी।

# स्कूल बस-कार और बाइक में भिड़ंत, पांच की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सीकर। नीमकाथाना के रींगस-श्रीमाधोपुर मार्ग पर छिलावाली बस स्टैंड पर रविवार देर शाम स्कूल बस, कार और बाइक की भिड़ंत में दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हैं। श्रीमाधोपुर थाने के ड्यूटी ऑफिसर जगरूप सिंह ने बताया कि श्रीमाधोपुर के महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल की बच्चों से भरी बस जयपुर के आमेर का टूर कर लौट रही थी। इसी दौरान श्रीमाधोपुर से रींगस की तरफ एक कार आ रही थी। छिलावाली बस स्टैंड हरगुण बालाजी के पास कार एक बाइक से टकराते हुए बस से भिड़ गई। हादसे के बाद मौके पर स्कूली बच्चों और लोगों की चीख पुकार मच गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो युवक ने इलाज के लिए जयपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। अभी दो गंभीर घायल जयपुर में भर्ती हैं। कार में चार लोग सवार थे। वहीं बाइक पर तीन लोग थे। कार सवार सगे भाई अनिल जांगिड़ (35) और सुभाष जांगिड़ (38) पुत्र हरफूल जांगिड़ निवासी रींगस तथा बाइक सवार पप्पूराम (45) पुत्र मंगलाराम निवासी बागरियावास की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार बागरियावास निवासी बजरंग लाल (20) पुत्र दामोदर वर्मा की जयपुर ले जाते समय रास्ते में चौमूं के पास मौत हो गई। एक और घायल जीतू वर्मा (32) ने भी जयपुर रेफर करने के दौरान दम तोड़ दिया।

पप्पूराम और बजरंग लाल वर्मा रिश्ते में चाचा-भतीजे थे। दोनों एसके एस औद्योगिक क्षेत्र परसरामपुरा सरगोठ की एक कंपनी में काम करते थे। छुट्टी होने के बाद घर जा रहे थे। कार सवार अनिल और सुभाष किसी काम से श्रीमाधोपुर गए थे। वे घर लौट रहे थे। कार सवार घायल अभय जांगिड़ (33) पुत्र प्रहलाद जांगिड़ निवासी रींगस और सोहन लाल जांगिड़ (35) पुत्र बाबूलाल जांगिड़ निवासी रींगस का जयपुर में इलाज किया जा रहा है। बाइक सवार बजरंग लाल वर्मा की 25 नवंबर को शादी हुई थी। हादसे की सूचना मिलते ही विधायक सुभाष मील खंडेला ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग करते हुए रेफर करवाने में मदद दी। नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल और नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने भी सीएचसी पहुंचकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी।





मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की।

# भारत को विकसित देश बनाने का सपना हो साकार : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अजमेर। राजस्थान विधानसभा के मनोनीत अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के सपने को साकार करने में आमजन से भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में देवनानी ने छतरी योजना सामुदायिक भवन से केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहरी क्षेत्र में आज आगाज किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार की 17 फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर के पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिये केंद्र की पहल पर मोदी गांरटी रथ जो विकसित भारत का संदेश लिए हैं, जन जन तक पहुंच रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ सब तक पहुंचे इसके लिये विकसित भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से केन्द्रीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया।



# आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य योजना पर करें शीघ्रता से अमल : रविकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। वाणिज्य कर विभाग के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने विभाग के अधिकारियों को कर संग्रहण में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने के निर्देश दिए हैं।

सुरपुर सोमवार को वी सी के माध्यम से राज्य के सभी संभागों के उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एमनेस्टी स्कीम के बकाया प्रकरणों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने सर्वे की गतिविधियों को बढ़ाने और फेक टैक्स पेयर्स को चिन्हित करने की कार्यवाही भी सजगता से करने के निर्देश दिए। मुख्य आयुक्त ने व्यापारियों और विभाग के मध्य सामंजस्य स्थापित करने वाले कार्यक्रम संवाद को आगे बढ़ने पर बल दिया।

सुरपुर ने कहा कि नवंबर माह में चुनावी गतिविधियों के कारण राजस्व संग्रहण का कार्य प्रभावित हुआ है जिसकी क्षतिपूर्ति आगामी माह में अतिरिक्त प्रयासों के साथ पूरी की जाए। मुख्य आयुक्त ने बैठक में कार्य योजना के अनुरूप रिटर्न फाइलिंग को बढ़ाने और अपील के मामलों को जल्द निस्तारित करने की दिशा में कदम उठाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य योजना पर अमल करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त केके सिंह एवं उत्साह चौधरी के साथ सभी उपायुक्त और विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

# बीकानेर में गर्म पानी से झुलसने से बालक की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। बीकानेर के कोतवाली थाना इलाके में रविवार शाम को ढाई साल का बालक गर्म पानी से भरे टब में गिर गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। बालक को परिजन पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बालक को मोर्चरी में शिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू की, तभी उसका एक परिजन शव को लेकर भाग गया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, गुलजार बस्ती निवासी चांद मोहम्मद का बेटा जुनैद घर के आंगन में खेल रहा था। घर में बने स्नान घर के पास हाथ-पैर धोने के लिए टब में गर्म पानी भरा हुआ था। जुनैद खेलते-खेलते पानी के टब में गिर गया। बालक के चिल्लाने की आवाज से परिजन दौड़ कर आए और टब से निकाल कर पीबीएम ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रॉमा सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार, जुनैद को गंभीर झुलसी अवस्था में परिजन लेकर आए थे। बालक को चिकित्सकों ने बचाने के पूरे प्रयास किए, लेकिन वह बच नहीं पाया। करीब 15-20 मिनट चिकित्सकों ने उसे नेबुलाइज किया। बाद में बालक को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बालक को मोर्चरी में शिफ्ट कराने को कहा तो परिजन नहीं माने। तभी एक परिजन शव को जबरन लेकर भाग गया।

ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों ने बच्चे के शव को लेकर भागने की सूचना पीबीएम पुलिस चौकी में दी। पुलिस चौकी से कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर एएसआई गिरधारी गुलजार बस्ती पहुंचे और वहां पर परिजनों से समझाइश की। वहीं, चिकित्सकों ने बच्चे के भर्ती टिकट पर शव को लेकर भागने की सूचना अंकित कर मोर्चरी व पीबीएम पुलिस चौकी को लिखित सूचना भेजी। एएसआई कोतवाली थाना गिरधारी लाल ने बताया, बच्चे के परिजनों से समझाइश की गई। परिजन पोस्टमॉर्टम कराना नहीं चाहतें थे, इसलिए वह शव ले गए। देर रात शव को वापस पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया गया।



# राष्ट्रपति की प्रस्तावित जैसलमेर यात्रा की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

जयपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की 23 दिसंबर को प्रस्तावित जैसलमेर जिले की यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने सोमवार को शासन सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया जाए। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन से प्राप्त निर्देशों की शत-प्रतिशत रूप से पालना की जाए।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था, रूट सहित अन्य सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन दिनेश कुमार ने प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सहित गृह तथा जैसलमेर जिला कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# देश अब 'गुलामी की मानसिकता से मुक्ति' और अपनी 'विरासत पर गर्व' की घोषणा कर रहा है : मोदी





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आजादी के सात दशक बाद आज समय का चक्र एक बार फिर घूमा है और देश अब 'गुलामी की मानसिकता से मुक्ति' और अपनी 'विरासत पर गर्व' की घोषणा कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया उन्होंने कहा, ''गुलामी के दौर में जिन अत्याचारियों ने भारत को कमजोर करने का प्रयास किया, उन्होंने सबसे पहले हमारे सांस्कृतिक प्रतीकों को ही निशाना बनाया। आजादी के बाद इन सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनर्निर्माण आवश्यक था। अगर हम अपनी सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देते, तो देश के भीतर एकजुटता और आत्मसम्मान का भाव मजबूत होता। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हुआ नहीं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण तक का विरोध किया गया था और इस तरह की सोच दशकों तक देश पर हावी रही। इसका नतीजा यह हुआ कि देश हीन भावना के गर्त में चला गया। अपनी विरासत पर गर्व करना भूल गया।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''आजादी के सात दशक बाद आज समय का चक्र एक बार फिर घूमा है। देश अब 'गुलामी की मानसिकता से मुक्ति' और अपनी 'विरासत पर गर्व' की घोषणा कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जो काम सोमनाथ से शुरू हुआ था, वो अब एक अभियान बन गया है। आज काशी में विश्वनाथ धाम की भव्यता भारत के अविनाशी वैभव की गाथा गा रही है। आज महाकाल महालोक हमारी अमरता का प्रमाण दे रहा है।'' मोदी ने कहा, ''आज केदारनाथ धाम भी विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बुद्ध सर्किट का विकास करके भारत एक बार फिर दुनिया को बुद्ध की तपोभूमि पर आमंत्रित कर रहा है। अगले कुछ सप्ताह में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी पूरा होने जा रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि और भौतिक विकास का उदाहरण रहा है और अब सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए काम कर रहे हैं आज हमारे तीर्थ स्थलों का विकास भी हो रहा है और भारत आधुनिक ढांचे की दृष्टि से नए रिकॉर्ड भी बना रहा है ।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा नया भारत: योगी

**वाराणसी/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आज देशवासी एक नए भारत की अनुभूति कर रहे हैं और यह नया भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया का मार्गदर्शन करने के साथ ही अपनी विरासत पर गर्व का उत्सव मना रहा है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर धाम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्वेद महामंदिर सद्गुरु सदाफल देव महाराज की पुण्य स्मृतियों को समर्पित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 100 वर्ष पहले उन्होंने विहंगम योग की साधना के लिए संत समाज की स्थापना की थी और आज विहंगम योग संत समाज के शताब्दी वर्ष का यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम में लोकार्पण के बाद 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आना गौरव की बात है। आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण का कार्य हो रहा है और हर भारतवासी का मन अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करता दिखाई देता है इसका कारण है कि देश के यशस्वी नेतृत्व ने निरंतर ऊर्जा व संकल्प के साथ बिना भेदभाव के खुद को उन कार्यों के लिए समर्पित किया है।



## ''सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिए''

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खड़गपुर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज में मतभेद बढ़ाने के बजाय सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए होना चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को प्रौद्योगिकी तक पहुंच का अधिकार होना चाहिए और इसका उपयोग मतभेदों को बढ़ाने के बजाय सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि हर किसी को प्रौद्योगिकी तक पहुंच का अधिकार होना चाहिए। हमारा मानना है कि प्रौद्योगिकी का उपयोग समाज में असमानताओं को बढ़ाने के बजाय सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए होना चाहिए।''

राष्ट्रपति ने डिजिटल भुगतान प्रणाली का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे प्रौद्योगिकी ने जीवन को सरल बना दिया है, यहां तक कि छोटे व्यापारियों को भी इससे लाभ हुआ है।

## 'इंडिया' गठबंधन की बैठक आज, सीट बंटवारे समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक मंगलवार को यहां होगी, जिसमें अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में सकारात्मक एजेंडा तय करने, सीट के बंटवारे और साझा जनसभाओं को लेकर मुख्य रूप से चर्चा संभव है। यह बैठक दिल्ली के अशोका होटल में होगी। बैठक से पहले तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या 'इंडिया' गठबंधन सीट-बंटवारे जैसे मुद्दों पर कदम उठाने में देर कर रहा है, इस सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा, ''देर आए दुरुस्त आए।''

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाए रखते हुए ''मैं नहीं, हम'' नारे के साथ आगे बढ़ने का है उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के समक्ष अब चुनौती अगले आम चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ सामने आने की है।

सूत्रों का कहना है कि 'इंडिया' गठबंधन जाति आधारित गणना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को आगे बढ़ा सकता है।

## उत्तराखंड को 2025 तक नशामुक्त बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अधिकारियों को 2025 तक उत्तराखंड को नशामुक्त करने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए।

यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार को प्रदेश में नशामुक्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए अभियान को मिशन मोड पर लेने को कहा उन्होंने कहा कि इस अभियान में शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य विभाग और नशा मुक्ति के लिए कार्य कर रहे संगठनों को भी शामिल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के दुःष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के साथ ही उनके अभिभावकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए ।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को सुशासन में मॉडल राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करने तथा हाल में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन-'डेस्टिनेशन उत्तराखंड' के दौरान हुए करारों को तेजी से धरातल पर उतारने को भी कहा उन्होंने कहा कि सुशासन की दिशा में और तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन करने के साथ ही सभी विभागों को समयबद्धता के साथ फाइलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए ।

धामी ने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं का लाभ आमजन आसानी से उठा सकें, इसके लिए जिलों में विभागों के माध्यम से जानकारी फैलाई जाए ।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि लंबे समय तक फाइलों को अपने पास रखने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए उन्होंने कहा कि निवेशक सम्मेलन के तहत हुए करारों को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किये जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम' को और मजबूत बनाया जाए।

## विपक्षी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा: ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला 2024 के आम चुनावों के बाद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन सीट बंटवारे सहित सभी मुद्दों को सुलझा लेगा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराएगा।

बनर्जी ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि गठबंधन ने चीजों को व्यवस्थित करने में समय गंवा दिया है। उन्होंने कहा, ''देर आए दुरुस्त आए।'' उन्होंने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और वाम दलों के बीच त्रिपक्षीय गठबंधन संभव है। खासकर हिंदी पट्टी में भाजपा के बढ़ते प्रभाव पर एक सवाल के जवाब में बनर्जी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा मजबूत नहीं है, हम कमजोर हैं। हमें इससे निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह हिंदी पट्टी और अन्य क्षेत्रों के बीच भेदभाव नहीं करतीं।

लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के निलंबन पर बनर्जी ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा डरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''क्या आपको लगता है कि दो राज्य जीतने की वजह से वे (भारतीय जनता पार्टी ) इतने अहंकारी हो गए हैं...वे डरे हुए हैं इसलिए उन्होंने निलंबित कर दिया।''

उन्होंने कहा, ''इतने बहुमत के साथ भी, वे डरे हुए हैं...लोगों की आवाज दबा दी गई है। वे पूरे सदन को निलंबित कर सकते हैं। उनके पास सदन चलाने का कोई नैतिक आधार नहीं है...यह लोकतंत्र का मजाक है।''

टीएमसी प्रमुख ने लोकसभा से निष्कासित की गईं पार्टी की नेता महुआ मोइत्रा को उनका पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संसदीय दल उनकी (महुआ की) कृष्णानगर सीट पर फैसला करेगा। प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल मिलेगा, भाजपा के इस दावे पर टीएमसी प्रमुख बनर्जी ने कहा कि 2024 का अभी कुछ तय नहीं है।



## मणिपुर में जातीय हिंसा के लिए ड्रग माफिया और अवैध अप्रवासी जिम्मेदार : बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने सोमवार को राज्य में महीनों से जारी जातीय तनाव के लिए ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया। सिंह ने मौजूदा संकट के लिए राज्य की सीमाओं की सुरक्षा में पिछली सरकार की 'विफलता' को भी जिम्मेदार ठहराया।

मई से कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के कारण लगभग 200 लोग मारे गए हैं और 60,000 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। थौबल जिले के लीलॉन्ग में लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, ''मौजूदा संघर्ष की साजिश ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों ने रची जो वास्तविक जनजातियों की आवाज को दबाते हैं। लड़ाई मेइती और कुकी के बीच नहीं है, बल्कि सरकार और अवैध प्रवासियों के बीच है।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''रोज मैं अपने कुकी दोस्तों से फोन पर बातचीत करता हूं। वे असहाय हैं और सच बोलने में असक्षम हैं क्योंकि उनको बंदूक के बल पर धमकाया जा रहा है।'' सिंह ने कहा, ''पड़ोसी देश म्यांमा में सेना और सैन्य शासन विरोधी समूहों के बीच जारी संघर्ष की वजह से वहां से छह हजार से अधिक प्रवासी कामजोंग जिले में दाखिल हुए हैं। पुलिस टीम स्थिति की निगरानी के लिए भेजी गई है और उन्हें अस्थायी आश्रय देने के लिए बायोमेट्रिक जानकारी एकत्रित की जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''हम चिन कुकी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन अवैध अप्रवासियों के विरोध में हैं। हम केवल बायोमेट्रिक आंकड़े एकत्र कर उन अवैध धड़ों की पहचान करना चाहते हैं और बाद में म्यांमा में स्थिति सुधरने पर उन्हें वापस भेजेंगे।''

## भारतीय टीम में चयन के लिए पीआईओ खिलाड़ियों से संपर्क करेगा एआईएफएफ: चौबे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा है कि एआईएफएफ राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के चयन की संभावना पर गौर कर रहा है और जल्द ही ऐसे 24 खिलाड़ियों से संपर्क करेगा।

पीआईओ और भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन लंबे समय से बहस का मुद्दा रहा है। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक पहले ही भारतीय टीम में पीआईओ खिलाड़ियों के चयन की जरूरत की वकालत कर चुके हैं। लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि भारतीय कानून दोहरी नागरिकता को स्वीकृति नहीं देता। अगर कोई पीआईओ खिलाड़ी भारत के लिए खेलना चाहता है तो उसे भारतीय नागरिकता लेनी होगी। नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले उस व्यक्ति को 12 महीने भारत में रहना होगा।

चौबे ने खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किए बिना पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हम 24 पीआईओ खिलाड़ियों से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं जो दुनिया भर में खेल रहे हैं। लेकिन आपको पता है कि दोहरी नागरिकता का मुद्दा है। इसलिए हमें देखना होगा कि केंद्र सरकार के नियमों के भीतर यह कैसे हो पाता है।'' उन्होंने कहा, ''इस मुद्दे पर हमारी आंतरिक चर्चा हुई है और एक बार अधिक स्पष्टता होने के बाद हम और जानकारी देंगे। ''

## विपक्ष विहीन संसद में चर्चा के बिना विधेयक पारित करवा सकती है सरकार: खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा से विपक्षी दलों के 33 और सदस्यों को निलंबित किए जाने के बाद सोमवार को सरकार पर लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डालने का आरोप लगाया और दावा किया कि अब सरकार विपक्ष विहीन संसद में बिना किसी चर्चा के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करवा सकती है।

लोकसभा में तख्तियां लेकर हंगामा करने के कारण कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी समेत कुल 33 सदस्यों को सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया। इनमें से 30 सदस्यों को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए और तीन सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। कुछ दिन पहले ही लोकसभा के 13 सदस्यों और राज्यसभा के एक सदस्य का निलंबन हुआ था। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सबसे पहले कुछ लोगों ने संसद पर हमला किया। फिर मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। निरंकुश मोदी सरकार द्वारा 47 सांसदों को निलंबित करके सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डाला जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी दो सरल और वास्तविक मांगें हैं - केंद्रीय गृह मंत्री को संसद की सुरक्षा में अक्षम्य चूक पर संसद के दोनों सदनों में बयान देना चाहिए और इस पर चर्चा होनी चाहिए।''

## 'इंडिया' गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा : लालू



**पटना/भाषा।** राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा। गठबंधन की मंगलवार को होने वाली बैठक में शिरकत करने के लिए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी के साथ पहुंचे प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की बैठक में सहयोगी एक साथ बैठेंगे और 2024 के लोस चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। मोदी के फिर से सत्ता में लौटने के भाजपा के दावे को लेकर पूछे सवाल पर प्रसाद ने नाराजगी भरे लहजे में कहा, रोज यही बात पूछते हैं। क्या है नरेन्द्र मोदी? आएंगे तो आएं उन्होंने कहा, 'इंडिया' गठबंधन की बैठक है। हम लोग जा रहे हैं। मिलकर लड़ेंगे और इनको हटाएंगे।

# आईपीएल नीलामी: टीमों की संभावित रणनीति

**दुबई/भाषा।** इंडियन प्रीमियर लीग की छोटी नीलामी भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के कम विकल्प के कारण काफी दिलचस्प होगी। नियमित नीलामी में बोली हासिल करने की कम संभावने वाले खिलाड़ी भी इसमें कई बार बड़ी रकम हासिल कर लेते हैं। इस नीलामी में टीमों की संभावित रणनीति पर डालते हैं एक नजर।

**1. चेन्नई सुपर किंग्स:** बाकी रकम 31.4 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** शारदुल ठाकुर, मनीष पांडे, जोश हेजलवुड

शारदुल ठाकुर पहले भी इस टीम के साथ थे। यह अनुभवी भारतीय खिलाड़ी आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने के साथ निचले क्रम पर बल्लेबाजी भी कर सकता है। शारदुल के लिए चेन्नई की टीम 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक की बोली लगा सकती है।

**2. दिल्ली कैपिटल्स :** रकम बाकी 28.95 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** प्रियांश आर्य, हर्षल पटेल, शारदुल ठाकुर, जोस इंग्लिस, वानिंदु हसरंगा

दिल्ली कैपिटल्स की सबसे कमजोर कड़ी भारतीय बल्लेबाजों की कमी है। सैयद मुश्ताक अली टी20 में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने प्रभावित किया ऐसे में टीम उनके नाम पर बोली लगा सकती है। फ्रेंचाइजी की नजरें समीर रिजवी और स्वास्तिक चिकारा पर भी होगी।

**3. गुजरात टाइटंस:** रकम बाकी 38.15 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी :** शारदुल ठाकुर, रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल, अजमतुल्लाह उमरजई।

टीम के प्रशंसक भी इस बात को मानेंगे कि हार्दिक पंड्या का फिलहाल कोई विकल्प मिलना मुश्किल है। शारदुल ठाकुर उस कमी को सीमित हद तक पूरा कर सकते हैं। रचिन रविंद्र एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन साहा, गिल और बी साई सुदर्शन बल्लेबाजी क्रम में पहले तीन स्थान लेंगे।

**4. कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर):** रकम बाकी 32.70 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी :** मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, रचिन रविंद्र, हर्षल पटेल। केकेआर को अच्छे तेज गेंदबाजों की जरूरत है। फ्रेंचाइजी ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस या हेजलवुड में किसी एक के साथ-साथ हर्षल पटेल के लिए बोली लगा सकती है।

**5. लखनऊ सुपरजायंट्स:** रकम बाकी 13.15 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** गेराल्ड कोएत्जी, दिलशान मदुशंका, आशुतोष शर्मा

लखनऊ की टीम मार्क वुड का साथ देने के लिए एक और बेहतरीन तेज गेंदबाजी विकल्प पर विचार करेगी। स्टार्क, हेजलवुड और गेराल्ड कोएत्जी 3 ऐसे विकल्प है जिस पर यह टीम अपना दांव चल सकती है।

**6. मुंबई इंडियन्स:** रकम बाकी 17.75 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** हसरंगा, मानव सुथार, आशुतोष शर्मा, दर्शन मिसल

फ्रेंचाइजी के पास बहुत अधिक रकम नहीं है, लेकिन वह अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों के मामले में बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के लिए बोली लगा सकती है।

**7. सनराइजर्स हैदराबाद:** रकम बाकी 34 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी :** टीम को हर विभाग में बेहतर खिलाड़ियों की जरूरत

नीलामी में बहुत सारे भारतीय खिलाड़ी नहीं होने के कारण शारदुल और हर्षल भी उनकी पसंद हो सकते हैं और वे इनके लिए बड़ी बोली लगा सकते हैं।

**8. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी):** रकम बाकी 23.25 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** स्टार्क, कमिंस, मानव सुथार

हर्षल पटेल को बाहर करने के बाद टीम किसी विदेशी तेज गेंदबाज पर नजर रखेगी। मो बोबाट के टीम निदेशक बनने से कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क के अलावा इंग्लैंड के गस एटकिंसन और रीस टोपले के लिए भी बोली लग सकती है।

**9 . पंजाब किंग्स:** रकम बाकी 29.10 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** शारदुल, हर्षल, रचिन रवींद्र


पंजाब किंग्स के पास विदेशी खिलाड़ियों के लिए दो जगह है और रचिन रविंद्र एक संभावित विकल्प हो सकते हैं ।

**10. राजस्थान रॉयल्स:** रकम बाकी 14.50 करोड़ रुपये **संभावित खिलाड़ी:** समीर रिजवी, स्वास्तिक चिक्कारा, आशुतोष शर्मा, अभिमन्यु सिंह, सौरभ चौहान जैसे युवा भारतीय बल्लेबाज

इस फ्रेंचाइजी ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों पर अकसर भरोसा जताया है। सैयद मुश्ताक अली टी20, टीएनपीएल, यूपी प्रीमियर लीग में दमखम वाले खिलाड़ियों पर नजर होगी।

## मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक, बल्लेबाजी में कम योगदान दे रहे थे रोहित: सुनील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे, क्योंकि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया।

भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस हालांकि 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार आईपीएल टीम ही नहीं बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे।

सुविचार

**अंधेरे में मोमबत्ती, मुसीबत में उम्मीद, जिंदगी में बहुत काम आती है।**


दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# संकल्पों में समाधान

किसी भी कार्य में सफलता का प्रारंभिक बिंदु 'संकल्प' होता है। अगर दृढ़-प्रतिज्ञ होकर संकल्प लिया जाए और ईमानदारी से परिश्रम किया जाए तो सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जिन नौ संकल्पों को लेने का आग्रह किया है, उनकी आज बहुत जरूरत है। देश की कई समस्याओं का समाधान इन संकल्पों में निहित है, बशर्ते सब इन पर अमल करें। प्रधानमंत्री ने 'पानी की बूंद-बूंद बचाने और जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील' से एक अहम मुद्दे की ओर सबका ध्यान खींचा है। हमें जल संरक्षण के परंपरागत और आधुनिक तौर-तरीकों पर गंभीरता से विचार करना होगा। अगर पानी को व्यर्थ न बहाएं और वर्षाजल का संग्रह कर भूजल स्तर बढ़ाने के लिए काम करें तो इससे भविष्य में बहुत मदद मिलेगी। मानसून आने से पहले घरों और बड़ी इमारतों की छतों की सफाई कर जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान बनाना चाहिए। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में भारतीय तकनीक का लोहा दुनिया मानती है। वहीं, आज भी देश में बहुत लोग इसके तरीकों से अनजान हैं। अगर उन्हें डिजिटल पेमेंट करना सिखाया जाए तो यह अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में बड़ा योगदान होगा। उन लोगों को डिजिटल पेमेंट के दौरान सावधानियों के बारे में बताना भी जरूरी है। जब ज्यादातर लोग डिजिटल पेमेंट करने लगेंगे तो अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, बैंकिंग प्रणाली मजबूत होगी, नकली नोटों की समस्या का प्रभावी समाधान होगा। लोग अपने घरों, दुकानों, कार्य-स्थलों आदि को साफ रखने पर तो बहुत जोर देते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्वच्छता का लक्ष्य अभी बहुत दूर है। हालांकि स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। हमें अपने घरों के साथ ही मोहल्ले, गांव, शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना होगा। अगर घर स्वच्छ हो और मोहल्ले में कूड़े के ढेर लगे हों, तो स्वच्छता का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विभिन्न अवसरों पर 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान किया है। उन्होंने इसे नौ संकल्पों में भी शामिल किया है। देश में रोजगार के अवसरों के सृजन और निर्धनता निवारण के लिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी है। देश के उत्पाद, देश में बने उत्पाद बाजारों में बिकेंगे तो देश का धन देश में रहेगा। इस बात का खास ध्यान रखना होगा कि चीनी उत्पादों का स्थान भारतीय उत्पाद लें। इस पड़ोसी देश का जैसा रवैया है, उसके मद्देनजर यह कोशिश होनी चाहिए कि इसके खजाने में हमारा धन न जाए। चीन एक ओर तो हमसे कमाई करता है, दूसरी ओर हमारी जमीन हड़पने का दुष्टतापूर्ण इरादा रखता है। जब ड्रैगन की कमाई घट जाएगी तो उसके तेवर ढीले पड़ जाएंगे। 'अपने देश को देखने, अपने देश में घूमने' का आह्वान न केवल सांस्कृतिक एकता के सूत्र को मजबूत करेगा, बल्कि यह रोजगार के कई अवसर भी पैदा करेगा। प्रधानमंत्री मोदी जब किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर जाते हैं तो उसके खानपान, पहनावे, इतिहास, प्रमुख स्थलों आदि से संबंधित तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। कई लोग हैं, जिन्होंने ऐसी तस्वीरें देखकर ही वहां जाने की योजना बना ली थी। मोदी ने साल 2019 में उत्तराखंड की एक गुफा में ध्यान लगाया था। उसका असर यह हुआ कि कई महीनों तक उसकी बुकिंग फुल रहती है। हमारे देश में पर्यटन से जुड़ीं अपार संभावनाएं हैं। बस, उससे संबंधित स्थानों का ठीक तरह से प्रचार करने की जरूरत है। इसमें देशवासी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब वे खुद अपने देश को देखेंगे, घूमेंगे और अपने अनुभवों को लिखेंगे तो उससे भविष्य में नए पर्यटक तैयार होंगे। प्राकृतिक खेती, श्री अन्न का उपयोग और योग का अभ्यास ... यह 'त्रिशक्ति' तन, मन और जीवन के लिए कवच का काम करेगी। वहीं, अपने संसाधनों से जरूरतमंद परिवारों की मदद हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सामाजिक समानता के स्वप्न को साकार करेगी।

## ट्वीटर टॉक



काशी का दिव्य और भव्य स्वर्वेद महामंदिर प्राचीनता और आधुनिकता का बेजोड़ उदाहरण है। मुझे विश्वास है कि योग और ध्यान के क्षेत्र में यह विश्व में अपनी अलग पहचान बनाएगा और समग्र विकास के हमारे संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



रींगस में श्रीमाधोपुर सड़क मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु की खबर सुनकर गहरा शोक पहुंचा। मेरी संवेदनाएं मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

**-भजनलाल शर्मा**



राजाखेड़ा, धौलपुर के दिहोली थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में लोगों के मृत होने का दुखद समाचार मिला। मैं मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और प्रशासन से आग्रह करता हूं कि घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा क्षेत्र में सौहार्द की स्थिति बनाए रखने का प्रयास करे।

**-सीपी जोशी**

प्रेरक प्रसंग

## स्वयं अपनी राह

अपने अंतिम दिनों में भगवान महावीर मृत्यु शैया पर थे। उनके अनुयायी, शिष्य और सहचर सभी अंतर्मन से दुखी थे। उनका प्रिय शिष्य गौतम उनसे बहुत दूर अन्यत्र किसी ग्राम सभा में था। गौतम को रास्ते में ही समाचार मिला- महावीर नहीं रहे। रुदन करता गौतम दुखी मन से महावीर के समीप जा पहुंचा और प्रलाप करते हुए गांव वालों से पूछा, 'मृत्यु से पूर्व प्रभु ने मेरे लिए कोई संदेश छोड़ा है क्या?' सुबकते हुए ग्रामीणों ने बताया, 'महावीर ने कहा था कि गौतम से कहना, उसने सब कुछ छोड़ दिया है फिर मुझे ही क्यों पकड़े हुए है।

मेरा मोह छोड़कर तप में मन लगाए। उसको समझाना, नदी पार जाना हो तो नाव को किराए पर लेना पड़ता है और किनारा आते ही नाव को छोड़ देना पड़ता है। बाद में कोई नाव को सिर पर लादकर तो नहीं घूमता। मैं तो भव सागर से पार लगाने के लिए एक माध्यम मात्र था। अब आगे का मार्ग तुम्हें स्वयं पार करना है। इसलिए मेरा मोह छोड़कर आगे बढ़ो और स्वयं अपनी राह बनाओ।

संतकवि नरसी मेहता

सामयिक

# परमात्मा नहीं, पर परमात्मा से कम नहीं

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

नरसी मेहता न केवल गुजराती भक्ति साहित्य बल्कि समूचे राष्ट्र के भक्ति साहित्य की श्रेष्ठतम विभूति थे। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की महत्ता के अनुरूप साहित्य के इतिहास-ग्रंथों में 'नरसिंह-मीरा-युग' नाम से एक स्वतंत्र काव्यकाल का निर्धारण किया गया है जिसकी मुख्य विशेषता भावप्रवण कृष्णभक्ति से अनुप्रेरित पदों का निर्माण है। पद-प्रणेता के रूप में गुजराती साहित्य में नरसी का लगभग वही स्थान है जो हिंदी में सूरदास का। 'वैष्णव जन तो तैणे कहिए जे पीड पराई जाणे रे' पंक्ति से आरंभ होनेवाला सुविख्यात पद नरसी मेहता का ही है। उन्होंने इस भजन में एक बात अच्छी प्रकार से कह दी है। 'पर दुःखे उपकार करे' कह कर भजन में रुक गए होते, तो वैष्णव जनों की संख्या बहुत बढ़ जाती है। पर दुःखे उपकार करे तोए मन अभिमान न आणे रे कह कर हम सब में छिपे सूक्ष्म अहं को विगलित करने की प्रेरणा दी गई है। उपकार का आनन्द अनुभव करना है तो आपने जो किया उसे जितनी जल्दी हो भूल जाएं और आपके लिए किसी ने कुछ किया, उसे कभी न भूलें। इस तरह जीवन की सबसे बड़ी सीख देने वाले, 15वीं शताब्दी के इस शीर्ष संत कवि एवं विश्वप्रसिद्ध भजन-रचयिता ने भक्ति की ऐसी गंगा प्रवहमान की कि आज भी लोग उनके भजनों से अपने जीवन को भक्तिमय बनाये हुए है।

यह भजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन है। यह भजन ही नहीं, भक्त नरसी मेहता के भावों और विचारों का भी गांधी पर गहरा प्रभाव था। प्रायः ऐसा माना जाता है कि अस्पृश्यता से पीड़ित लोगों के लिए हरिजन शब्द पहली बार गांधीजी ने प्रयोग किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस शब्द का पहली बार उपयोग नरसी मेहता ने ही किया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह भजन जन-जन की जुबान पर था। न केवल यह भजन बल्कि उनकी हर भक्ति रचना इतनी सशक्त, सुरुचिपूर्ण है कि उससे न केवल आध्यात्मिक बल्कि मानसिक तृप्ति मिलती है। उनके भजनों में गौता लगाने पर शक्ति एवं गति पैदा होती है, सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध होता है, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता एवं साहस देता है। वे ईश्वर से सम्पर्क के सूत्रधार थे। स्वयं परमात्मा नहीं थे, पर परमात्मा से कम भी नहीं थे। उन्होंने जन-जन को सांसारिक आकर्षण रूपी राग को मिटाकर ईश्वर के प्रति अनुरागी बनाया।



**नरसी बड़े सरल थे। नम्रता की मूर्ति थे। किसी के भी भले-बुरे से उन्हें कोई सरोकार न था। संसार से विरक्त थे, परंतु दिल बड़ा कोमल था। ऊंच-नीच का भाव उनके मन में कभी नहीं आया। वह ब्रह्म और माया की अखंड रासलीला' के भावों को अपनी मधुर वाणी में सदा गाते थे और कृष्ण-भक्ति का प्रचार करते थे।**

श्रीकृष्ण भक्ति में सराबोर भक्तों की लम्बी शृंखला में नरसी मेहता निश्छल और चरम भक्ति के प्रतीक हैं। उनके भक्ति रस से आप्लावित भजन आज भी जनमानस को ढांढस बंधाते हैं, धर्म का पाठ पढ़ाते हैं और जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा देते हैं। उनके भजनों में जीवंत सत्यों का दर्शन होता है। जिस प्रकार किसी फूल की महक को शब्दों में बयां करना कठिन है, उसी प्रकार गुजराती के इस शिखर संतकवि और श्रीकृष्ण-भक्त का वर्णन करना भी मुश्किल है। उनकी भक्ति इतनी सशक्त, सरल एवं पवित्र थी कि श्रीकृष्ण को अनेक बार साक्षात प्रकट होकर अपने इस प्रिय भक्त की सहायता करनी पड़ी। ऐसे महान संतकवि नरसी मेहता का जन्म 15वीं शताब्दी में सौराष्ट्र के एक नागर ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बालक नरसी आरंभ में गूंगे थे। आठ वर्ष के नरसी को उनकी दादी एक सिद्ध महात्मा के पास लेकर गई। महात्मा ने बालक को देखते ही भविष्यवाणी की कि भविष्य में यह बालक बहुत बड़ा भक्त होगा। जब दादी ने बालक के गूंगे होने कि बात बताई तो महात्मा ने बालक के कान में कहा कि बच्चा! कहो राधा-कृष्ण' और देखते ही देखते 'नरसी राधा-कृष्ण' का उच्चारण करने लगा। बालक नरसी बचपन से ही साधु-संतों की सेवा किया करते थे और जहां कहीं भजन-कीर्तन होता था, वहीं जा पहुंचते थे। रात को भजन-कीर्तन में जाते तो उन्हें समय का ख्याल न रहता। रात को देर से घर लौटते तो भाभी की प्रताड़ना सुननी पड़ती। छोटी अवस्था में ही नरसी का विवाह माणिकबाई नामक किशोरी के साथ कर दिया गया। माणिकबाई को भी अनेक तरह की प्रताड़नाएं झेलनी पड़ी। विवाह के कुछ दिन बाद ही उनके पुत्र शामल का देहांत हो गया। बेटी ससुराल चली गई। अब माणिक अकेली रह गईं। नरसी तो भजन करते रहते और माणिक घर चलाती। घर में आये साधु-संतों की सेवा में ही उसका समय बीतता। एक दिन वह भी इस संसार को छोड़कर अपने पति के चरणों का ध्यान करती हुई चल बसीं। नरसी अब एकदम मुक्त हो गये। उन्होंने कहा, अच्छा हुआ, यह झंझट भी मिट गया। अब सुख से श्रीकृष्ण का भजन करेंगे।

नरसी का जीवन अलौकिक घटनाओं से भरा हुआ है। कहा जाता है कि वह जो करताल बजाते थे, वह भी भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं उनको दी थी। भगवान स्वयं उनकी पुत्री की शादी में मामा बन कर आए थे। नानी बाई का मायरा जगत प्रसिद्ध एवं भाव विह्वल करने वाली घटना है। उनकी कृष्ण-भक्ति इतनी अधिक थी कि जब धनाभाव में उनकी इज्जत जाने की नौबत आ जाती थी तो भगवान श्रीकृष्ण स्वयं कोई अवतार लेकर उन्हें बचाने उसी प्रकार आते थे, जिस प्रकार वह द्रौपदी की इज्जत बचाने के लिए चीरहरण के समय आए थे।

नरसी भगत की चमत्कारी एवं विलक्षण घटनाओं से रू-ब-रू होने का लोगों को बार-बार अवसर मिला। वे इसके लिये पहचाने जाने लगे। एक बार कुछ यात्रियों के दबाव के कारण द्वारिका के लिये उन्होंने शामला गिरधारी के नाम से एक हुंडी लिखी। यात्री द्वारिका पहुंचकर सेठ शामला गिरधारी को ढूंढते-ढूंढ़ते थक गये, पर उन्हें इस नाम का व्यक्ति न मिला। बेचारे निराश हो गये। इतने में उन्हें शामला सेठ मिल गये। कहते हैं कि स्वयं द्वारिकाधीश ने ही शामला बनकर नरसी की बात रख ली थी। उस समय के बड़े-बड़े लोग उनकी परीक्षा लेते थे, शिकायत करते एवं परेशान करते। जूनागढ़ के राजा के पास भी शिकायतें पहुंचती थी, लेकिन वे उन्हें नजरअंदाज कर देते। एक बार उनके मन में भी आया कि नरसी की परीक्षा लेनी चाही। राजमहल में विष्णु का मंदिर था। राजा ने आज्ञा दी कि उस मंदिर के सभा-मंडप में नरसी बैठें और भजन-कीर्तन करें। मंदिर के भीतरी भाग में, जहां मूर्ति थी, ताला लगा रहेगा और पहरा रहेगा। यदि नरसी भगत के कीर्तन से प्रसन्न होकर विष्णु भगवान अपने गले की माला सबेरे तक उनके गले में डाल देंगे तो राजा उनको सच्चा भगत मानेंगे। जब तक यह परीक्षा पूरी नहीं हो जायेगी, नरसी महल के बाहर न जा सकेंगे। लेकिन नरसी का प्रिय राग केदारा, जिसको उनके मुख से सुनकर भगवान प्रसन्न होते थे, वही राग गाकर भगवान की स्तुति की। भगवान प्रसन्न हुए और सवेरा होते-होते भगवान विष्णु की मूर्ति के गले की माला नरसी के गले में प्रसाद रूप बनकर शोभा देने लगी।

नरसी बड़े सरल थे। नम्रता की मूर्ति थे। किसी के भी भले-बुरे से उन्हें कोई सरोकार न था। संसार से विरक्त थे, परंतु दिल बड़ा कोमल था। ऊंच-नीच का भाव उनके मन में कभी नहीं आया। वह ब्रह्म और माया की अखंड रासलीला' के भावों को अपनी मधुर वाणी में सदा गाते थे और कृष्ण-भक्ति का प्रचार करते थे। उन्होंने ब्रह्म और माया का भेद नहीं किया। वह कहते थे, 'ब्रह्म लटकां करे ब्रह्मपासे'- माया भी ब्रह्म का ही रूप है। सच यह है कि राधाकृष्ण एक रूप हैं। उनमें कोई खास भेद नहीं। ब्रह्मलीला अथवा राधा-कृष्ण का जो अखंड रास चल रहा है, उसी से सारी दुनिया का यह खेल बना हुआ है। बिना जीव के राधा-कृष्ण या ब्रह्ममाया का मिलन या उनकी एकता का अनुभव कहां और कैसे किया जा सकता है? माया में फंसे अज्ञानी जीवों की बात दूसरी है। जो भक्त हैं, वे अपनी सच्ची स्थिति का अनुभव करते हैं, क्योंकि उनका अंतःकरण निर्मल होता है, पवित्र होता है।

नरसी ऐसे ही भक्त थे, ज्ञानी थे। वे भारतीय आध्यात्मिक एवं धार्मिक जगत के भक्त सम्राट थे, उनकी जैसी भक्ति इतिहास की विरल घटना है। यही कारण है कि भगवान की सेवा और भजन-कीर्तन करते-करते अंत में वह उन्हीं के स्वरूप में मिल गए।

मंथन

# गोवा मुक्ति आंदोलन में डॉ. लोहिया का योगदान

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

गोवा मुक्ति दिवस प्रतिवर्ष 19 दिसम्बर को मनाया जाता है। गोवा मुक्ति आंदोलन के जनक समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया थे। गोवा के आजादी के आंदोलन में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। यह वह समय था जब पंडित नेहरू गोवा को भुला बैठे थे। लोहिया कहते थे बिना आंदोलन के पुर्तगाली गोवा को छोड़कर नहीं जायेंगे। वही हुआ भारत की आजादी के काफी साल बाद भी पुर्तगाली गोवा को छोड़ने को तैयार नहीं हुए तो लोहिया ने आंदोलन की अलख जगाई और अपने साथियों के साथ गोवा कूच किया। 18 जून 1946 को डॉ. राम मनोहर लोहिया ने गोवा जाकर स्थानीय निवासियों को पुर्तगालियों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए प्रेरित किया था। लंबे अरसे तक चले आंदोलन के बाद 19 दिसम्बर 1961 को गोवा को पुर्तगाली आधिपत्य से मुक्त कराकर भारत में शामिल कर लिया गया था। 1946 में आज ही के दिन डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने पुर्तगालियों के खिलाफ आंदोलन का नारा दिया था। तब अंग्रेजी साम्राज्य डूब रहा था, कई बड़े राष्ट्रीय नेताओं का मानना था कि अंग्रेजों के जाते ही पुर्तगाली भी गोवा से कूच कर जाएंगे। पर स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया सहमत नहीं थे कि बिना आंदोलन छेड़े ऐसा संभव हो पाएगा।

गोवा को 19 दिसंबर 1961 को आजादी कैसे मिली, इसकी कहानी बहुत मार्मिक है। गोवा मुक्ति आंदोलन में समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया और उनके समाजवादी साथियों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। गोवा के कण कण में डॉ. राम मनोहर लोहिया मिलेंगे। विशेषकर लोकगीतों में लोहिया आपको मिलेंगे। एक गीत यहाँ काफी प्रसिद्ध है, पहिली माझी ओवी, पहिले माझी फूल, भक्ती ने अर्पिन लोहिया ना। धन्य लोहिया, धन्य भूमि यह धन्य उसके पुत्र । गोवा की आजादी का सिंहनाद डॉ. लोहिया ने किया था। वहां के लोकगीतों में डॉ. लोहिया का वर्णन पौराणिक नायकों की तरह होता है। यदि गोवा की आजादी का श्रेय किसी एक व्यक्ति को देना हो तो वे डॉ. राममनोहर लोहिया हैं, जिन्होंने पहली बार गोवा के आजादी के मुद्दे को राष्ट्रीय अस्मिता का मुद्दा बनाया और बीमारी के बावजूद गोवा मुक्ति संग्राम की अगुवाई करते हुए अपनी गिरफ्तारी दी।

लोहिया ने पहली बार गोवा के आजादी के मुद्दे को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाया और लोगों का ध्यान आकर्षित करने में सफल हुए। 15 जून 1946 को पंजिम में डा. लोहिया की सभा हुई जिसमें तय हुआ 18 जून से सविनय अवज्ञा प्रारम्भ होगा। पुलिस ने टैक्सी वालों को मना कर दिया था।

चिंतन

# अब मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की चुनौती

**आशीष वशिष्ठ**
**मोबाइल : 99 3624 7777**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री भी शपथ ले चुके हैं। हिन्दी पट्टी के तीन अहम राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विजय हासिल की। कांग्रेस के हिस्से में दक्षिण का राज्य तेंलगाना आया। पूर्वोत्तर के मिजोरम में क्षेत्रीय दल ने सत्ता हासिल की। जिन पांच राज्यों में चुनाव संपन्न हुए है, उनमें मिजोरम को छोड़कर बाकी चार राज्यों में राजनीतिक दलों ने मुफ्त और नगद राशि देने वाली योजनाओं की होड़ लगी थी। पांचों राज्यों में नव गठित सरकारें काम काज शुरू कर चुकी हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की राज्य सरकारों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती लोकलुभावन और वोट बटोरू वायदों को पूरा करने की है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेंलगाना इन चारों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण की आड़ में जिस प्रकार मुफ्त के रेवड़ियां बांटी उसकी वजह से सरकारी खजाने पर अत्यधिक बोझ पड़ा। रही-सही कसर चुनावी वायदों ने पूरी कर दी। हालांकि चुनाव नतीजों से मिले संकेत विरोधाभासी हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश अकेला राज्य है जहां फ्रीबीज और नगद राशि देने वाली योजनाओं ने भाजपा का राज कायम रखा। किंतु तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकारों द्वारा दोनों हाथों से खजाना लुटाए जाने के बावजूद सत्ता बचाने में असफल रहीं। इसका सीधा मतलब ये हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चला गया मोदी की गारंटी वाला दांव ज्यादा कारगर साबित हुआ। तेलंगाना में चूंकि भाजपा का संगठन उतना मजबूत नहीं है वरना वहां भी भाजपा को सत्ता मिलती।

अब चुनाव नतीजे आने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही सामने भारी भरकम और लुभावने वायदों को कैसे पूरा करेंगे जबकि खजाने की हालत तो पहले ही खस्ता है। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, 2018-19 में सभी राज्य सरकारों ने सब्सिडी पर 1.87 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। ये खर्च 2022-23 में बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है। इसी तरह से मार्च 2019 तक सभी राज्य सरकारों पर 47.86 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो मार्च 2023 तक बढ़कर 76 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया। अकेले कर्नाटक का सब्सिडी पर खर्च चार साल में 12 फीसदी तक बढ़ गया है। इतना ही नहीं, पांच साल में ही कर्नाटक का कर्ज 87 फीसदी बढ़ गया है। मार्च 2019 तक कर्नाटक पर 2.86 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो मार्च 2023 तक बढ़कर 5.35 लाख करोड़ रुपये हो गया।



राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए वादों की बौछार तो कर देती हैं, लेकिन इसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि टैक्सपेयर के पैसे का इस्तेमाल कर बांटी जा रहीं फ्रीबीज सरकार को दिवालियेपन' की ओर धकेल सकती हैं। इतना ही नहीं, साल 2022 में रिजर्व बैंक की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं।

स्टेट फाइनेंसेस: 'अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई भारतीय रिजर्व बैंक की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक यानी कैग के डेटा के हवाले से बताया है कि राज्य सरकारों का सब्सिडी पर खर्च लगातार बढ़ रहा है।

राज्यों के घटते राजस्व में इजाफे के लिए एन.के. सिंह की अगुआई वाले 15वें वित्त आयोग ने संपत्ति कर में धीरे-धीरे बढ़ोतरी, पानी जैसी विभिन्न सरकारी सेवाओं का शुल्क नियमित तौर पर बढ़ाने के साथ शराब पर उत्पाद कर बढ़ाने और स्थानीय निकायों तथा खाता-बही में सुधार करने की सलाह दी है। पिछले साल जून में आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में श्रीलंका के आर्थिक संकट का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया है कि राज्य सरकारों को अपने कर्ज में स्थिरता लाने की जरूरत है, क्योंकि कई राज्यों के हालात अच्छे संकेत नहीं हैं। रिजर्व बैंक का सुझाव है कि सरकारों को गैर-जरूरी जगहों पर पैसा खर्च करने से बचना चाहिए और अपने कर्ज में स्थिरता लानी चाहिए। इसके अलावा बिजली कंपनियों को घाटे से उबारने की जरूरत है। इसमें सुझाव दिया गया है कि सरकारों को पूंजीगत निवेश करना चाहिए, ताकि आने वाले समय में इससे कमाई हो सके।

फ्रीबीज और कल्याणकारी योजनाओं का अलग-अलग अर्थ है। जरूरत इस बात की है कि कल्याणकारी योजनाओं को भी परिभाषित किया जाए। व्यावहारिक दृष्टि से जनता के लिए कल्याणकारी लाभ का मतलब है उसकी बुनियादी दिक्कतों का दूर होना। मसलन उसकी गरीबी, बेरोजगारी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का दीर्घकालीन समाधान। ऐसे दूरगामी कार्यक्रमों को अक्सर समझ पाना आसान नहीं होता, जबकि हाथ में नकदी आना, मुफ्त बिजली, अनाज या मुफ्त-यात्रा का सुख फौरन दिखाई पड़ता है। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब की सरकारें चुनावी वायदें करने में अभी से हांफने लगी हैं। इन प्रदेशों के मौजूद वित्तीय हालत भविष्य में बड़े संकट की ओर संकेत कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी खुद रेवड़ी राजनीति की आलोचना कर चुके हैं। लेकिन जिस तरह आरक्षण के बारे में कोई भी पार्टी किसी प्रकार का खतरा नहीं उठाना चाहती ठीक वैसे ही मुफ्त उपहारों की योजनाओं को शुरू करने के बाद रोकना या वापस लेना खतरे से खाली नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार इसे गंभीर मुद्दा बताया है और सरकार तथा चुनाव आयोग से कहा है कि वे इसे रोकने के लिए जरूरी समाधान खोजें। इस बार भी चुनाव से पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारों की ओर से चुनाव के ठीक पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। अदालत भी यह जिम्मेदारी राजनीतिक दलों पर डाल देती है कि वे संसद और विधानसभाओं में जाकर 'मुफ्त की रेवड़ियों' की परंपरा खत्म करने के लिए कानून बनाएं। क्या राजनीतिक दल इसके लिए तैयार होंगे। ऐसा लगता है सर्वोच्च न्यायालय को ही स्वतः संज्ञान लेते हुए इस बंदरबांट की प्रवृत्ति पर रोक लगानी पड़ेगी वरना आर्थिक प्रगति मुफ्तखोरी की भेंट चढ़ जाएगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### क्रिसमस ट्री

बेंगलूरु के एयरपोर्ट रोड स्थित हेब्बाल में एशिया का प्रमुख शॉपिंग स्थल फीनिक्स मॉल, देश में पहली बार शानदार 100 फीट ऊंचे क्रिसमस ट्री के साथ आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है, जो उत्तम सजावट और हलचल भरी गतिविधियों से भरपूर है। झिलमिलाती रोशनी और भव्य आभूषणों से सुसज्जित यह त्यौहार की उच्च भावना को दर्शाता है। आइसा का फीनिक्स मॉल एक यूरोपीय थीम वाला बाजार भी प्रदर्शित कर रहा है, जो परिवारों और दोस्तों के लिए एक जादुई माहौल बना रहा है। ग्राहक चकाचौंध भरी भव्यता के साथ सीज़न के जादू का अनुभव कर सकते हैं। शानदार कार्यक्रम, सांता मीट एंड ग्रीट, कैरोल गायन, रेनडियर वेशभूषा में सजी लड़कियां, एक आकर्षक स्नोमैन और एक अंतरराष्ट्रीय स्वभाव के साथ क्रिसमस परेड के साथ उत्सव की खुशी में चार चांद लगाते हैं।

### रैली



नई दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता सोमवार को नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार की नीतियों और महंगाई के विरोध में 'संसद घेराव' रैली के दौरान।

## पाकिस्तानः पंजाब के करतारपुर में राज्य सरकार 'दर्शन रिजॉर्ट' बनाएगी

लाहौर। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत की सरकार करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब के करीब एक 'दर्शन रिजॉर्ट' का निर्माण कराएगी ताकि वहां रहने वाले सिख तीर्थयात्री पवित्र स्थल का मनोरम दृश्य देख सकें। पंजाब प्रांत के पर्यटन सचिव राजा जहांगीर अनवर ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''पांच मंजिला दर्शन रिजॉर्ट का निर्माण अगले महीने शुरू होगा और इसपर 30 करोड़ पाकिस्तानी रुपये खर्च होने का अनुमान है। करतारपुर गलियारा का उद्घाटन 2019 में किया गया था। यह गलियारा भारत को पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब से जोड़ता है, जहां सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव 16 वीं शताब्दी की शुरुआत में रहे थे और उनका यहीं 'ज्योति ज्योत समाना' (देहावसान) हुआ था। करीब चार किलोमीटर लंबा यह गलियारा भारतीय तीर्थयात्रियों को गुरुद्वारा दरबार साहिब की यात्रा के लिए वीजा मुक्त सुविधा प्रदान करता है। अनवर ने कहा कि इस परियोजना की परिकल्पना दुनियाभर से आने वाले सिखों की सुविधा के लिए की गई है। उन्होंने परियोजना के बारे में बताया कि रिजॉर्ट का निर्माण गुरुद्वारा दरबार साहिब से महज 500 मीटर की दूरी पर किया जाएगा।

अनवर ने कहा, ''परियोजना की शुरुआत अगले महीने होगी और 2024 के अंत तक रिसॉर्ट के बनकर तैयार होने की उम्मीद है। पंजाब के पर्यटन सचिव ने बताया कि दर्शन रिजॉर्ट की सबसे ऊपरी मंजिल पर कम से कम 10 सुइट , मिनी थिएटर और जिम होंगे।

### शामिल



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को कोझिकोड में एसएम स्ट्रीट पर भीड़ में शामिल हुए और जनता से मिले, जिससे उनके और राज्य सरकार के बीच चल रहे गतिरोध में एक नया अध्याय जुड़ गया।

# मोदी लखपति महिला चंदा देवी के भाषण के मुरीद हुए, पूछा-चुनाव लड़ोगी क्या?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें विकास की दिशा में आगे कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने चंदा देवी नाम की एक लखपति महिला से पूछा कि तुम इतना बढ़िया भाषण दे रही हो, क्या चुनाव लड़ोगी। बाद में बरकी में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी ने चंदा देवी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''आज चंदा देवी का भाषण सुना। मैं कह सकता हूं कि बड़े-बड़े लोग इतना अच्छा भाषण नहीं दे सकते। वह हमारी लखपति दीदी हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज मैंने उनसे (चंदा देवी) बातचीत की। उनसे पूछा तो सटीक जवाब दिया। इस संकल्प यात्रा से मुझे और सभी साथियों को समाज के भीतर की शक्ति व सामर्थ्य को जानने का अवसर मिला है।'' अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन मोदी वाराणसी के सेवापुरी विकासखंड के बरकी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। 'अपनी कहानी- अपनी जुबानी' शीर्षक के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। सबसे पहले उनसे रामपुर गांव की महिला चंदा देवी मुखातिब हुईं। चंदा देवी ने प्रधानमंत्री को प्रणाम करने के साथ ही उनका स्वागत किया। 'राधा महिला सहायता समूह' की चंदा ने बताया कि उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं और समूह से जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए उनका रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं थी।

चंदा देवी ने कहा कि एक दीदी ने उन्हें समूह के बारे में जानकारी दी और इस समूह से जुड़कर कर्ज ले सब्जी की खेती शुरू की और उन्हें 30 हजार रुपये मुनाफा हुआ। चंदा देवी ने कहा कि मुनाफा राशि में से उन्होंने 15 हजार रुपये का कर्ज चुकाया और खेती के कार्य को आगे बढ़ाया जिससे आर्थिक स्थिति सुधरी और जीवन स्तर बेहतर हुआ।

## वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन ने एक साथ किया 11 फिल्मों का मुहूर्त

मुंबई/वार्ता

वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन ने एक साथ 11 फिल्मों का मुहूर्त किया जिसकी शूटिंग जनवरी 2024 में शुरू होगी। वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन वर्ष 2024 का आगाज धमाकेदार अंदाज में करने जा रही है।इस प्रोडक्शन हाउस ने एक साथ 11 फिल्मों का मुहूर्त किया है। इस अवसर पर निर्माता प्रदीप सिंह , प्रतीक सिंह और निर्देशक अजय कुमार झा, राज किशोर सिंह राजू के साथ अभिनेता देव सिंह, रोहित सिंह मटरू, प्रेम सिंह, संगीतकार मुन्ना दुबे,लेखक अरविंद तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि 11 फिल्मों का एक साथ मुहूर्त आज तक इंडस्ट्री में पहले नहीं हुआ है।

# बंगला फिल्म 'काबुलीवाला' में नजर आयेंगे मिथुन चक्रवर्ती

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बंगला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आयेंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभायी थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी।अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभायी है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



मिथुन चक्रवर्ती ने बताया ,रहमत का किरदार काफी चैलेंजिग रहा, क्योंकि इससे पहले जिन्होंने यह रोल किया था, वह एक्टिंग के भगवान माने जाते हैं, यानी छवि बिस्वास और बलराज साहनी जी। जब मुझे यह किरदार ऑफर हुआ था तो मैंने मना कर दिया था, क्योंकि मुझमें दम नहीं है कि ऐसे मुकाबले में आगे आऊं। यह मुकाबला नहीं, पर सुमन घोष अड़ गए कि मैं यह फिल्म बनाऊंगा तो आपके साथ ही।इसके बाद बहुत सारी चीजों पर चर्चा हुई कि कैसे करूंगा, कैसे उच्चारण आएगा। फिर मेरा एक दोस्त है कमालउद्दीन खान जो कि अफगानी दोस्त है। वह वास्तव में कुक हैं। उन्होंने मुझे खाना बनाया सिखाया। वह मेरे करीबी दोस्त भी हैं। मैंने उनको काफी कापी किया है। उनसे काफी प्रेरणा ली है। उनका बोलने का ढंग, क्योंकि उन्हें सांस की बीमारी थी, उसकी वजह से उनकी आवाज कभी-कभी अटक जाती थी। मैं जो बता रहा हूं, उसके लिए आपको फिल्म देखनी होगी। वो कठिन जर्नी रही।

यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है। इमोशन का कोई धर्म या भाषा नहीं होती। काबुलीवाला एक अफगानी पठान और छोटी सी बच्ची मिनी के इमोशन और प्यार की कहानी है। यह कभी नहीं बदल सकती। चाहे जमाना कितना बदल जाए, इंटरनेट मीडिया बदल जाए।

# अभिनेत्री तनुजा की तबियत बिगड़ी, आईसीयू में हुई भर्ती

मुंबई/एजेन्सी

गुजरे जमाने की ख्यातनाम अभिनेता तनूजा की तबियत खराब हो गई है। इसके चलते उन्हें जुहू स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ वे आईसीयू में हैं। तनूजा अभिनेत्री काजोल और तनिषा मुखर्जी की माँ और अजय देवगन की सास हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कहा जा रहा कि बढ़ती उम्र के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी है। हालांकि, इस पर अभी तक तनुजा के परिवार की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पीटीआई की रिपोर्ट के हवाले से बताया जा रहा है कि तनुजा अंडर ऑब्जर्वेशन में हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। कहा ये भी जा रहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है। वो फिलहाल 80 साल की है और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनके स्वास्थ्य पर लगातार मॉनिटर किया जा रहा है।



हिंदी से लेकर बंगाली फिल्मों में भी किया काम तनुजा अपने जमाने की जानी-मानी एक्ट्रेस में से एक रही हैं। एक समय था जब फिल्मों में उनके नाम का सिक्का चलता था। उन्होंने ना केवल हिंदी में बल्कि बंगाली फिल्मों में भी काम किया है। तनुजा गुजरे जमाने की स्टार शोभना समर्थ और निर्माता कुमारसेन समर्थ की बेटी हैं और नूतन की बहन हैं। गौरतलब है कि तनुजा का जन्म 23 सितंबर, 1943 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही एक्टिंग में करियर की शुरुआत कर दी थी और अपने अभिनय से सभी को हैरान कर दिया था। वो केवल 16 साल की थीं, जब उनकी पहली फिल्म 'छबीली' आई थी। इसे 1960 में रिलीज किया गया था। इसके बाद वो साल 1962 में फिल्म 'मेम दीदी' में नजर आई थीं। उन्हें 'बहारें फिर भी आएंगी', 'ज्वेल थीफ', 'हाथी मेरे साथी' और 'मेरे जीवन साथी' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। तनुजा ने कई बंगाली फिल्मों में भी काम किया है और इसी दौरान शोमू मुखर्जी से उनकी मुलाकात हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात फिल्म 'एक बार मुस्कुरा दो' के सेट पर हुई थी, जिसके बाद साल 1973 में दोनों ने शादी कर ली थी। इनकी दो बेटियां काजोल और तनीषा हैं।

### सत्र




हैदराबाद में फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला और एफएलओ हैदराबाद चैप्टर की चेयरपर्सन रितु शाह सोमवार को हैदराबाद में 200 से अधिक फिक्की महिला संगठन (एफएलओ) के सदस्यों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र 'रिवॉल्यूशनाइज योर वर्क आउट' में शामिल हुईं।

## अब हमें पार्टियों में नहीं बुलाया जाता : अजय देवगन

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने खुलासा किया है कि अब उन्हें पार्टियों में बुलाया नहीं जाता है। 'कॉफी विद करण' के अपकमिंग एपिसोड में, अजय देवगन और रोहित शेट्टी नजर आएंगे। अजय और रोहित ने 'सिंघम' फ्रेंचाइजी, 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी और 'बोल बच्चन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में साथ काम किया है। रणवीर सिंह के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, रोहित ने कहा: उनमें एक अलग एनर्जी है। रणवीर सिंह के एनर्जेटिक वाली बात पर करण जौहर ने कहा कि वो अजय से बिल्कुल अलग हैं, तो दोनों हैंडल कैसे करते हैं। इस पर अजय कहते है, या तो वो अपना मुंह बंद रखता है, या मेरे कान बंद रहते है।



रैपिड फायर सेगमेंट के दौरान, करण ने पूछा कि अजय आप पार्टी में नहीं जाते, तो एक्टर ने कहा कि उन्हें कोई बुलाता ही नहीं। सवालों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए करण ने पूछा, एयरपोर्ट पर आपको पैपराजी घेरते नहीं ? अजय ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, मैं उन्हें बुलाता ही नहीं। 'कॉफ़ी विद करण' सीजन 8 केवल डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

# चिंता से निपटने पर आलिया ने कहा- लक्षणों के बारे में जागरूक होने की कोशिश करती हूं

मुंबई/भाषा

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने रविवार को कहा कि उन्हें अपनी चिंता के कारणों को पहचानने में काफी समय लगा और वह अपने दैनिक जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए इन लक्षणों के बारे में जागरूक होने की कोशिश करती हैं। इंस्टाग्राम पर 'कुछ भी पूछें' (एएमए) सत्र में भट्ट (30) से उनके प्रशंसकों और फॉलोअर्स ने सवाल पूछे।

एक उपयोगकर्ता ने पूछा कि वह चिंता-घबराहट से कैसे निपटती हैं, तो आलिया ने कहा, हम सभी में कुछ चीजें होती हैं जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं। उदाहरण के लिए, मैं किसी भी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। हालांकि मुझे इसे समझने में काफी समय लगा।



अभिनेत्री ने कहा, तो इनमें से किसी भी क्षण से पहले, मैं बस कोशिश करती हूं और इसके बारे में सचेत रहती हूं। लेकिन यदि यह बहुत ज्यादा है, तो मैं खुद को परखने और जैसा महसूस करती हूं वैसा महसूस करने के लिए छोड़ देती हूं। आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश कभी-कभी काफी नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा, किसी ऐसे व्यक्ति से बात करनी चाहिए जिस पर आप भरोसा कर सकें। इससे मदद मिलती है।

यह पहला मौका नहीं है, जब आलिया ने अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात की। अगस्त में एएमए के एक अन्य सत्र में आलिया ने साझा किया था कि वह चिंता के दौरे से निपटने के लिए 'पांच इंद्रियों की तकनीक'-चीज को देखने, सुनने, छूने, सूंघने और चखने-पर ध्यान केंद्रित करती है।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने पूछा कि वह अलगाव की चिंता से कैसे निपटीं। आलिया और अभिनेता रणबीर कपूर की 13 महीने की एक बेटी है जिसका नाम राहा है। आलिया कहा, इससे बाहर आ पाना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह जानकर कि जब मैं दूर हूं तब भी वह परिवार के साथ है, मुझे थोड़ा कम कसूरवार महसूस होता है। आलिया इन दिनों वासन बाला द्वारा निर्देशित जिगरा की शूटिंग कर रही हैं।

# बार-बार इंस्टा अकाउंट सस्पेंड होने से परेशान उर्फी जावेद

मुंबई/एजेन्सी

अपने फैशन सेंस के लिए मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उर्फी जावेद ने बताया है कि उन्हें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गड़बड़ियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर उस नोटिफिकेशन के स्क्रीनशॉट की एक सीरीज शेयर की, जो उन्हें इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा से प्राप्त हुई थी। स्थिति को समझाते हुए उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा। एक्ट्रेस ने लिखा, ''मेरा 2023 कैसा लगता है। मेरा अकाउंट मेजर ग्लीचेज का सामना कर रहा है, एक हफ्ते में तीसरी बार अकाउंट सस्पेंड हो गया, मेरे अकाउंट स्टेटस एरर दिखा रहा है और बाकी प्रोफेशनल डैशबोर्ड भी एरर दिखाते हैं। हर दिन मुझे एक नोटिफिकेशन मिलती है कि मेरे पोस्ट ने गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया है और फिर इसे दोबारा पोस्ट किया जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''हर बार जब मैं कुछ पोस्ट करती हूं तो फॉलोअर्स की संख्या काफी कम हो जाती है। इसके बाद फिर से अपने आप बढ़ जाते हैं। यह एक रोलर कोस्टर की तरह हो गया है। मुझे नहीं पता कि क्या करना है।'' इससे पहले, अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया' में अभिनेता राजपाल यादव के आइकॉनिक लुक को उर्फी द्वारा रीक्रिएट करने के बाद हलचल मच गई। उन्होंने दावा किया कि 'छोटे पंडित' के लुक को रीक्रिएट करने के लिए उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर धमकी का एक स्क्रीनशॉट ऑनलाइन शेयर किया, जिसमें उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया। उर्फी जावेद ने 'छोटा पंडित' लुक को हेलोवीन के मौके पर कैरी किया था। उर्फी ने ऑरेंज और रेड कलर की धोती पहनी थी और चेहरे पर लाल कलर लगाया था।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

# भंसाली बने विल्सन गार्डन जैन संघ के अध्यक्ष, बोहरा बने मंत्री





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ विल्सनगार्डन के नए पदाधिकारीगणों के चयन हेतु स्थानक भवन में बैठक में संपन्न हुई। अध्यक्ष मीठालाल मकाणा ने स्वागत करते हुए आगामी 2 वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष हेतु नेमीचंद भंसाली एवं मंत्री पद पर सज्ञनराज बोहरा के नाम का प्रस्ताव रखा और सर्वसम्मति से उनके चयन की घोषणा की गई। निवर्तमान मंत्री प्रकाशचंद बम्ब एवं मार्गदर्शक देवीचंद बोहरा ने नवनियुक्त अध्यक्ष मंत्री को बधाई दी। कोषाध्यक्ष शांतिलाल मांडोत ने विगत आय व्यय का विवरण दिया। नवनिर्वाचित मंत्री सज्ञनराज बोहरा ने यह महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया और सभी के सहयोग की अपील की।

# सरलता, सहजता एवं समता की प्रतिमूर्ति थीं साध्वी जयश्री : साध्वी दिव्यदेशनाश्री




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्य रामेश की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी जयश्री के संथारापूर्वक देवलोक गमन के उपलक्ष्य में साधुमार्गी जैन संघ बेंगलूरु द्वारा आयोजित गुणानुवाद सभा में शहर के मल्लेश्वरम में विराजित साध्वीश्री दिव्यदेशनाश्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में सरलता, सहजता और समता का अद्भुत समायोजन करते हुए साध्वी जयश्री ने 57 वर्ष की सुदीर्घ संयम साधना पूर्ण कर अपना जीवन सफल किया। उन्होंने साध्वी जयश्री की समयज्ञता एवं चतुर्विध संघ के प्रति योगदान का वर्णन किया। साधुमार्गी जैन संघ के मार्गदर्शक कमल सिपानी ने साध्वी के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि साध्वीवर्या ने 57 वर्षीय संयम पर्याय में बेंगलूरु में शूले, हलसूरु, चामराजपेट एवं कोरमंगला में चातुर्मास संपन्न कर महानगर में धर्म चेतना का विशेष संचार किया। नरेश वसंतराज रांका सेठिया ने विस्तार से उनके गौरवशाली जीवन चरित्र का वर्णन किया। संघ के मंत्री  ने कहा कि सरल हृदय में ही धर्म का वास होता है। जिसने समय के महत्व को जान लिया वही सच्चा पंडित है। जैन रत्न हितेषी श्रावक संघ के मंत्री गौतमचंद ओस्तवाल ने कहा कि साध्वी जयश्री ने सरलता और समयज्ञता दोनों को आत्मसात किया। साधुमार्गी जैन संघ के शिखर सदस्य शांतिलाल सांड ने साध्वी के भर यौवन अवस्था में सजोड़े संयम मार्ग पर अग्रसर होने के आदर्श त्याग का वर्णन करते हुए गुणगान किये।

# महेन्द्र मुणोत ने गौसेवा के लिए दिया आर्थिक सहयोग

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के मारुति मेडिकल के प्रमुख व गौसेवक महेन्द्र मुणोत ने गायों की सेवा के लिए भगवानश्री हनुमान की जन्मस्थली किष्किंधा पहाड़ी पर स्थित दुर्गा देवी गौशाला के प्रमुख संत ब्रह्मानंद स्वामी को तीन लाख रुपए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। इस गौशाला में 1200 से भी ज्यादा देशी गायों की सेवा हो रही है।



# विजयनगर तेरापंथ भवन में 'रिश्ता मां-बेटी का' कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा सोमवार को तेरापंथ भवन में 'मां का दिशाबोध-बेटी की उड़ान' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मां बेटी का रिश्ता बहुत ही मजबूत है यह एक ऐसा रिश्ता है जो परिवार में संस्कारों की जड़ों को मजबूत करता है। हर मां का कर्तव्य है कि वह अपनी बेटी को दिशाबोध दे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई मोटिवेशनल स्पीकर प्रिया सांखला ने कहा कि मां अपनी बेटी की खूबियों को पहचान कर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके लिए उन्होंने कई टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को प्यार से समझाएं।

उन पर विश्वास करें। उन्होंने मां- बेटी के रिश्ते व बॉन्डिंग को परखने के लिए रोचक गतिविधि करवाई जिसमें प्रथम स्थान कविता-वर्षा बच्छावत, द्वितीय स्थान विनीता-तान्या कोचर ने तथा तृतीय स्थान बरखा-उर्वशी पुगलिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका संगीता चावत एवं आभार सरिता छाजेड़ ने किया। कार्यक्रम में मां-बेटी के 25 जोड़ों ने भाग लिया।

# स्वर्वेद मंदिर का बनना ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण : प्रधानमंत्री मोदी

वाराणसी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी दौरे के दूसरे दिन 'स्वर्वेद महामंदिर' का लोकार्पण करते हुए कहा कि सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। आज स्वर्वेद मंदिर का बनकर तैयार होना इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया ।

उन्होंने कहा, ''ये महामंदिर, महर्षि सदाफल देव जी की शिक्षाओं, उनके उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितनी आकर्षित करती है, इसकी भव्यता हमें उतना ही अचंभित भी करती है। इसलिए मंदिर का भ्रमण करते हुए मैं खुद भी मंत्र-मुग्ध हो गया था।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''स्वर्वेद महामंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है।

शहर के जेपी नगर रिंग रोड स्थित सिंदूर कन्वेंशन हॉल में रविवार को श्याम दीवाने द्वारा ग्याहरवां वार्षिकोत्सव सह 'श्याम शरणम' भजन संध्या का आयोजन किया गया।





# 'श्याम शरणम' भजन संध्या में गूंजे बाबा श्याम के जयकारे



## श्याम दीवाने के 11वां वार्षिकोत्सव पर बही भजनों की रसधार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जेपी नगर रिंग रोड स्थित सिंदूर कन्वेंशन हॉल में रविवार को श्याम दीवाने द्वारा ग्याहरवां वार्षिकोत्सव सह 'श्याम शरणम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे श्याम दीवाने के संस्थापक सदस्य नन्दलाल सोनी, ओमप्रकाश राठी, देव कोठारी, गिरधर बागड़ी ने सपत्निक पूजा की तथा आचार्य मुरारी दाधीच ने विधि विधान से पूजन करवा कर अखण्ड ज्योत प्रज्वलित करवाई। ज्योत प्रज्वलित के साथ ही पूरे सभागार में 'जय श्री श्याम-जय श्री श्याम' के जयकारें गूंजने लगे। भजन संध्या की शुरूआत में भजन गायक देव कोठारी, संदीप सोनी, मनोज मेहता ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से भजन संध्या की शुरूआत करते कई भजनों की प्रस्तुति दी।

तत्पश्चात नोखा राजस्थान से आए गायक दिनेश हिंदुस्तानी ने भी बाबा श्याम में एक से बढ़कर एक बाबा श्याम को मधुर भजनों से की प्रस्तुति दी जिसका श्याम भक्तों ने झूम झूम कर आनन्द लिया। भजन संध्या में अमृतसर पंजाब के प्रसिद्ध गायक तेजी ब्रदर्स के आगमन पर बाबा श्याम के जयकारे गूंजे। तेजी ब्रदर्स ने अपनी चिरपरिचित शैली में 'कीर्तन की है रात ,बाबा आज थानेअणो है' भजन गया तो उपस्थित श्रद्धालु झूमने नाचने पर मजबूर हो गए।

दोनों भाइयों ने बाबा श्याम के धमाल से पूरे सभागार को श्याममय बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा के दरबार के दर्शन किए। कोलकाता से आए कलाकारों ने बाबा श्याम की बहुत ही अलौकिक झांकी सजाई जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कार्यक्रम के मध्यम से सभी गायकों का संस्था की ओर से बाबा श्याम का कैलेंडर भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर के संस्थापक रेवन्तमल झँवर, राजगढ़ सादुलपुर नागरिक परिषद के अध्यक्ष प्रभात किशनपुरिया, स्वास्तिक सेवा संघ के चेयरमैन सतीश मित्तल सहित अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्याम दीवाने की मुख्य, युवा व महिलाओं की पूरी टीम ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# जीतो साऊथ और जीतो प्रोफेशनल फोरम का एक दिवसीय प्रोफेशनल कार्यक्रम आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साऊथ और जीतो प्रोफ़ेशनल फ़ोरम ने अपने सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रोफ़ेशनल एक्सेडिशन (प्रोएक्स- 1) का आयोजन किया जिसमें विविध क्षेत्र से जुडे 43 पेशेवरों को मेल-मिलाप, नेटवर्किंग और टीम गतिविधियों का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों को आपस में जुडने, एक दूसरे को व्यक्तिगत व व्यावसायिक तौर पर समझने का अवसर प्रदान करना था। जीतो साऊथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा तथा मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल ने सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। दिन भर हुए अलग अलग सत्रों में टीम विकास, प्रभावशाली संवाद व संचार को परिलक्षित गतिविधियां शामिल थी। शाम को प्रमुख वक्ता एफ़आर सिंघवी ने कॉरपोरेट जगत में सफ़ल होने के तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। कारोबार के क्षेत्र में अवसरों को पहचानने, उन अवसरों को सफलता में परिवर्तित करने और कामयाब होने के लिए प्रतिबद्धता अपनानाने की बात पर चर्चा की। सदस्यों को उनका वक्तव्य जीवन उपयोगी तथा व्यावसायिक परिदृश्य में कामयाबी के लिए अनमोल लगा। कार्यक्रम में जेपीएफ़ के समन्वयक सीए अक्षय मेहता, चेयरमैन सुभाष मेहता, प्रबंध समिति के सदस्य , कार्यक्रम समन्वयक अतुल किमते तथा सहसमन्वयक हर्षित जैन आदि उपस्थित थे।



# मुनिश्री राजपद्मसागर का आगामी चातुर्मास चामराजपेट शीतलनाथ जैन मंदिर में घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सोमवार को मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी की निश्रा में शीतलनाथ श्वेतांबर मंदिर के ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने परमात्मा की भक्ति का अर्थ समझाते हुए कहा की तीर्थंकर परमात्मा की भक्ति करने से तीर्थंकर नामकरण उपार्जन करते हैं। जिस प्रकार रावण ने परमात्मा की अष्टापद तीर्थ पर भक्ति की थी और उन्होंने तीर्थंकर नाम कर्मों उपार्जन किया था, वैसे ही सत्तरभेदी पूजा करने से पुण्य का उपार्जन होता है, यश नाम कर्म का बंध होता है। मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी का आगामी वर्ष 2024 का चातुर्मास चामराजपेट स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर में घोषित हो गया।



# हनुमंतनगर स्थानकवासी बहु मंडल की बैठक सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के वर्धमान स्थानकवासी महिला मण्डल हनुमंतनगर द्वारा बहु मण्डल की एक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षा मंजू बालिया ने सभी का स्वागत किया। मंत्री संगीताबाई धोका ने कहा कि प्रार्थना, सामयिक, प्रतिक्रमण एवं अलग अलग विषयों पर प्रश्न मंच की व्यवस्था होने से धर्म की प्रभावना बढ़ेगी एवं सभी लाभान्वित होंगे पूर्व अध्यक्ष प्रभाबाई गुलेच्छा ने भी अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रति माह के प्रथम बुधवार को दोपहर में धार्मिक गतिविधियों की क्लास चोरडिया भवन में रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष गौतम सिंघवी ने सभी महिलाओं से धार्मिक गतिविधियों के साथ साथ मानववसेवा के कार्य करने का निवेदन किया। सचिव सुरेश धोका ने संचालन किया। बहु मण्डल के सभी सदस्याओं ने परिचर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर महिला मण्डल की उपाध्यक्ष मालाबाई बोहरा, सह मंत्री अनिताबाई सिंघवी एवं कोषाध्यक्ष मंजूबाई बुरड़ उपस्थित थीं। बहु मंडल की सदस्याएं भी उपस्थित थीं।



# खरीददारी व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ दो दिवसीय श्री उत्सव मेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'श्रीउत्सव' का समापन हुआ। दूसरे दिन यशवंतपुर सभा भवन में मुख्य अतिथि कुमारपाल सिसोदिया ने हर स्टाल का अवलोकन किया। अध्यक्ष मीना दक ने सभी का आभार व्यक्त किया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष गौतम मुथा ने महिला मंडल के प्रयासों को सराहा। युवक परिषद अध्यक्ष जिगर मारू ने कन्या मंडल की संयोजिका नेहा पोखरना, सह संयोजिका पलक भंसाली ने अपनी टीम के साथ मेले की व्यवस्था संभाली। कन्या मंडल ने कई रोचक खेलों का आयोजन किया। स्टाल लगाने वाली महिला उद्यमियों का मेले की संयोजिका वनिता बोलिया, प्रियंका डूंगरवाल, अध्यक्ष मीना दक और मंत्री लाडली मुथा ने सर्टिफिकेट और पौधे देकर सम्मान किया। प्रदर्शनी में एमके डिस्ट्रीब्यूटर्स, चटाका पटाका, बीज़ एण्ड बज़ को बेस्ट स्टाल,। हंगरी हेड्स को बेस्ट डेकोरेशन स्टाल का सम्मान मिला।



# बाबोसा भगवान का राजतिलकोत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बाबोसा भक्त मंडल ने राजराजेश्वरीनगर स्थित तेरापंथ भवन में मिंगसर उत्सव का आयोजन किया गया।

ज्ञातव्य है कि मिंगसर उत्सव बाबोसा भगवान के राजतिलकोत्सव यानी देव शक्ति धारण रूप में मनाया जाता है। इस उत्सव में स्थानीय गायक मनीष पगारिया, देवेंद्र नाहटा एवं गुलाब बांठिया ने श्री बाबोसा की भक्ति में भजनों की प्रस्तुति दी। सुनील सुराणा ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 7 जनवरी को राजराजेश्वरीनगर में नवनिर्मित श्री बाबोसा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें दिल्ली से आराधिका मंजूबाई आएगी। कार्यक्रम में राजेश बांठिया, बालचंद चिंडालिया, मनोज पटावरी, अजय सुराणा, प्रवीण कोठारी आदि ने व्यवस्था संभाली।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com